# मॉडल टेस्ट पेपर : REET

## भाषा-प्रथम : सामान्य हिन्दी

**प्रश्न : 30 ; अंक : 30**
**समय : 30 मिनिट**

**1**

वैसे तो सभी सभ्य लोग चाहते हैं कि दुर्गुणों का हमला परिवारों पर सीधा न हो। अतः घर की चारदीवारी में कुछ सुरक्षा रखते हैं। घर के सदस्य आचरण से न गिर जाएँ और ऐसा काम घर में न करें, जो उनके संस्कार और परंपराओं से मेल नहीं खाता हो। इसे लेकर सभी सजग रहते हैं। लेकिन, इसे समझना होगा। मौजूदा माहौल में जो लोग चाहते हों कि बाहर के दुर्गुण घर में न आएँ तो उन्हें दो बातों पर काम करना चाहिए। संबंध खराब होते हैं: एक-दूसरे की निंदा और केवल शरीर पर टिकने के कारण। शास्त्रों में कुछ बीमारियाँ बताई हैं, जिन्हें **'मानस रोग'** कहा गया है।

(उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)–

1. वह शब्द बताइए जिसमें **संधि** तथा **प्रत्यय** दोनों का प्रयोग हुआ है–
(1) दुर्गुणों (2) सुरक्षा (3) बीमारियाँ (4) माहौल

2. वह शब्द बताइए जिसमें **संधि** तथा **उपसर्ग** दोनों का प्रयोग हुआ है–
(1) आचरण (2) संबंध (3) परिवारों (4) सभ्य

3. **'बाहर'** शब्द है–
(1) संज्ञा (2) विशेषण (3) अव्यय (4) क्रिया

4. **'काम'** शब्द का पर्यायवाची नहीं है–
(1) कार्य (2) कृत्य (3) कर्म (4) विधि

5. **'निंदा'** शब्द का विलोम है–
(1) चंदा (2) रस (3) शिकायत (4) स्तुति

एक ऐसे समाज में जहाँ नकारात्मक चीजें खतरनाक स्तर पर हो रही हैं, मेडिटेशन की जरूरत पहले की तुलना में अधिक महसूस की जा रही है। यूँ ही नहीं कहा जाता कि शरीर के लिए शारीरिक व्यायाम का जो महत्त्व है, वही मन के लिए मेडिटेशन का महत्त्व है। खेद है कि हमारे समाज में बच्चों को रोज कुछ समय अकेले में बिताने की आदत विकसित करने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता। इसके विपरीत अकेले रहने को अजीब व्यवहार की श्रेणी में रख दिया जाता है।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)—

6. **'मेडिटेशन की जरूरत पहले की तुलना में कहीं अधिक महसूस की जा रही है'** वाक्य में काल का भेद है—
(1) सामान्य वर्तमान (2) सातत्य वर्तमान (3) संदिग्ध वर्तमान (4) पूर्ण वर्तमान

7. निम्नलिखित में से **'लिंग'** द्वारा किस शब्द का निर्धारण नहीं होगा?
(1) शारीरिक (2) व्यायाम (3) मेडिटेशन (4) महत्त्व

8. निम्नलिखित शब्दों में से कौनसा शब्द **'स्त्रीलिंग'** है?
(1) व्यवहार (2) आदत (3) समाज (4) मन

9. **'अजीब व्यवहार की श्रेणी में रख दिया जाता है।'** वाक्य का भूतकाल होगा—
(1) अजीब व्यवहार की श्रेणी में रख दिया गया।
(2) अजीब व्यवहार की श्रेणी में रख दिया गया है।
(3) अजीब व्यवहार की श्रेणी में रख दिया गया था।
(4) अजीब व्यवहार की श्रेणी में रख दिया गया होगा।

10. निम्नलिखित में से किस शब्द में **वचन-परिवर्तन** नहीं होगा?
(1) जरूरत (2) शरीर (3) बच्चों (4) अजीब

11. इनमें से **'आश्रित उपवाक्य'** का प्रकार नहीं है—
(1) संज्ञा उपवाक्य (2) प्रधान उपवाक्य (3) विशेषण उपवाक्य (4) क्रियाविशेषण उपवाक्य

12. **'मिश्रित वाक्य'** का उदाहरण है—
(1) रिद्धीश ने विराज को कलम दी। (2) माँ ने बच्चे के लिए खाना बनाया।
(3) पिताजी ने कहा कि सदा सत्य बोलो। (4) गीता खेल रही है, किंतु सीता पढ़ रही है।

13. 'आपको यह कार्य तुरंत कर लेना चाहिए' में वाक्य-प्रकार है—
(1) आज्ञार्थक (2) नकारात्मक (3) विधानार्थक (4) संकेतार्थक

14. **'बरस पड़ना'** मुहावरे का किस वाक्य में सही प्रयोग है?
(1) आसमान में बादल घिरे और बरस पड़े।
(2) बिन बादल बरस पड़ना चकित करता है।
(3) गलती राम ने की पर साहब श्याम पर बरस पड़े।
(4) सेठ ने भिखारी को इतना धन दिया जैसे वे बरस पड़े हों।

15. **'आसमान के तारे तोड़ना'** लोकोक्ति का सही प्रयोग किस वाक्य में है?
(1) पैदल ही विश्व-भ्रमण की योजना बनाना आसमान के तारे तोड़ने जैसा है।
(2) आजकल सब कुछ करना संभव है, आसमान के तारे भी तोड़ सकते हैं।
(3) कोशिश करें तो क्या आसमान के तारे नहीं तोड़ सकते।
(4) आसमान के तारे तोड़ना मुश्किल काम है।

16. भाषा-शिक्षण में पाठ्य-पुस्तक —
(1) साध्य है (2) साधन है (3) अनावश्यक है (4) एकमात्र संसाधन है
17. पाँचवीं कक्षा में पढ़नेवाली प्रियंका कक्षा में सबसे पहले अपना कार्य समाप्त कर लेती है। हिंदी भाषा-शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे?
(1) प्रियंका की दूसरों से तुलना करेंगे। (2) प्रियंका से शांत बैठने के लिए कहेंगे।
(3) प्रियंका को उसकी पसंद का कार्य करने के लिए कहेंगे।
(4) प्रियंका को दूसरे बच्चों के कार्य की जाँच का एकमात्र अधिकारी बनाएँगे।
18. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा की समावेशी कक्षा का स्वरूप निर्धारित करने में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है—
(1) अभ्यास कार्य (2) आकलन (3) पाठ्य-पुस्तक (4) शिक्षण-प्रक्रिया
19. भाषा की पाठ्य-पुस्तकों में हिंदीतर भाषाओं को भी जगह मिलनी चाहिए। इस कथन के संदर्भ में समर्थन में कौनसा तर्क काम करेगा?
(1) इससे भाषाओं के बीच द्वंद्व नहीं होगा।
(2) इससे त्रिभाषा सूत्र का पालन किया जा सकता है।
(3) इससे भारत की सभी भाषाओं को स्थान दिया जा सकेगा।
(4) इससे भाषागत विविधता को सही रूप में संबोधित किया जा सकता है।
20. उपचारात्मक हिंदी शिक्षण हेतु निम्न में से कौनसा परीक्षण प्रयुक्त किया जाता है? (1) मानदंड परीक्षण
(2) निदानात्मक परीक्षण (3) उद्देश्य-केन्द्रित परीक्षण (4) इनमें से कोई नहीं
21. निम्न में से क्या एक शिक्षण-सहायक सामग्री दृश्य सामग्री नहीं है?
(1) श्यामपट्ट (2) रेखाचित्र (3) मूकचित्र (4) रेडिओ
22. अध्यापक का कर्तव्य है कि वह मूल पाठ प्रस्तुत करने से पहले छात्रों के ______ का मूल्यांकन करे।
(1) अल्प ज्ञान (2) पूर्व ज्ञान (3) निम्न ज्ञान (4) उच्च ज्ञान
23. उपचारात्मक शिक्षण का उद्देश्य है—
(1) छात्रों का पिछड़ापन दूर करना। (2) छात्रों की प्रगति का ज्ञान प्राप्त करना।
(3) छात्रों की त्रुटि का पता लगाना। (4) विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
24. हिंदी की कक्षा में प्रायः हिंदीतर भाषी बच्चे हिंदी सीखने में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हैं, क्योंकि
(1) हिंदी बहुत कठिन भाषा है।
(2) वे मन लगाकर हिंदी नहीं सीखते।
(3) हिंदी सीखने के प्रति उनके मन में अरुचि होती है।
(4) प्रायः हिंदी और उनकी मातृभाषा की संरचना में अंतर होता है।

25. निम्न में से कौनसा उद्देश्य ज्ञान पक्ष से संबंधित नहीं है?
(1) भाषा के तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त करना।
(2) वैचारिक विषयवस्तु का ज्ञान प्राप्त करना।
(3) रचना के विविध रूपों का ज्ञान प्राप्त करना।
(4) बोधसहित सुनने की योग्यता प्राप्त करना।

26. प्राथमिक स्तर का कौनसा भाषा-शिक्षण का उद्द्देश्य नहीं है?
(1) वर्णमाला को क्रम से कण्ठस्थ करना।
(2) ध्वनि-संकेत चिह्नों का सम्बन्ध बताना।
(3) विभिन्न संदर्भों में भाषा का प्रभावी प्रयोग करना।
(4) स्पष्टता एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कहना।

27. छात्रों को उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करने की सबसे सुगम विधि है—
(1) प्रत्येक छात्र के अधिगम-सम्बन्धी दोषों एवं कमजोरियों का निदान कर उनको उनसे मुक्त करना।
(2) प्रत्येक छात्र के अधिगम-सम्बन्धी दोषों का व्यक्तिगत रूप में अध्ययन करना एवं उनको दूर करना।
(3) छात्रों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं के आधार पर समूह में विभाजित करके शिक्षण की व्यवस्था करना।
(4) उपर्युक्त सभी।

28. कहानी बच्चों को बहुत पसंद है, कहानी-शिक्षण में एक अध्यापक को किस उद्देश्य पर विशेष बल नहीं देना चाहिए?
(1) कहानी के द्वारा बालक को जीवन की सुंदरता के दर्शन होते हैं।
(2) कहानी के द्वारा बालकों को भाषा का अच्छा ज्ञान कराया जा सकता है।
(3) कहानियाँ ही एकसबसे अच्छा साधन है, जो बालकों का मनोरंजन करती हैं।
(4) कहानी द्वारा बालकों की कल्पना-शक्ति तथा तर्क-शक्ति का विकास किया जा सकता है।

29. निम्नलिखित में से किस विधि को श्रेष्ठ माना जाता है?
(1) जिसमें अध्यापक सक्रिय व छात्र निष्क्रिय हों।
(2) जिसमें छात्र सक्रिय व अध्यापक निष्क्रिय हों।
(3) दोनों सक्रिय हों। (4) दोनों निष्क्रिय हों।

30. निम्नलिखित में से हिंदी-शिक्षण का सामान्य उद्देश्य नहीं है—
(1) आदर्श चरित्र का निर्माण करना। (2) शारीरिक शक्तियों का विकास करना।
(3) हिंदी के प्रति प्रेम उत्पन्न करना। (4) मानसिक शक्तियों का विकास करना।

# REET : मॉडल टेस्ट पेपर 2

## भाषा-प्रथम : सामान्य हिन्दी

**प्रश्न : 30 समय : 30 मिनिट अंक : 30**

भारत विविधता, कला, संस्कृति और प्राचीन विरासतों के लिए विख्यात है। लेकिन, ताजमहल को लेकर पिछले दिनों अचानक नकारात्मक चर्चाएँ चल पड़ी थीं। ऐसे में गौरव की अनुभूति देनेवाली हमारी विरासतों की सकारात्मक जानकारी आवश्यक है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में शासकों ने प्रतीक, स्मारक और स्थापना के एक से बढ़कर एक प्रतिमान स्थापित किए। प्रागैतिहासिक मोहनजोदड़ो व हड़प्पा के नगरों के बाद बेहतरीन मौर्यकाल, मौर्योत्तर काल, गुप्त काल और दक्षिण भारत के अनेक राजवंशों ने संस्कृति को समृद्ध किया।

(उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों-1.से 5.-के उत्तर दीजिए)-

1. **'गौरव'** शब्द का **संधि-विच्छेद** होगा-
(1) गौ+रव (2) गौर+अव (3) गुरु+अ (4) गुरु+अव

2. **'प्रागैतिहासिक, मौर्योत्तर, प्रतीक'** शब्दों में **संधि** का सही क्रम है-
(1) दीर्घ, गुण, व्यंजन (2) व्यंजन, गुण, दीर्घ
(3) व्यंजन, वृद्धि, अयादि (4) वृद्धि, गुण, दीर्घ

3. **'प्रागैतिहासिक'** शब्द का अर्थ है-
(1) ज्ञात इतिहास के पूर्व समय का (2) इतिहास से संबंधित
(3) प्राचीन इतिहास का ज्ञाता (4) ऐतिहासिक वस्तु

4. **'प्राचीन'** का **विलोम** निम्नलिखित शब्दों में से क्या होगा?
(1) अर्वाचीन (2) आधुनिक (3) नवीन (4) पुरातन

5. **'विरासत'** शब्द का शब्द-प्रकार है-
(1) संज्ञा (2) विशेषण (3) अव्यय (4) क्रियाविशेषण

प्राकृतिक रोशनी संसार के समस्त जीवों के लिए उपयोगी तो है ही, यह इंसानी दिमाग और अंगों की सक्रियता के लिए ज्यादा उपयोगी होती है। ऐसी स्थिति में अगर कोई व्यक्ति पूरे समय पूरे समय घर के अंदर ही होता है या ज्यादा वक्त घर के अंदर ऐसी जगह बिताता है, जहाँ सूर्य की रोशनी बिल्कुल नहीं आती तो यह स्थिति बहुत खतरनाक है। इससे बचने के लिए जितना हो सके सूर्य की रोशनी में वक्त चाहिए। गर्मियों में ज्यादा देर ऐसा नहीं हो सकता, लेकिन सर्दियों में इसके लाभ अधिक हैं।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों – 6. से 10. तक – के उत्तर दीजिए) –

6. किस विकल्प में सभी **स्त्रीलिंग** शब्द प्रयुक्त हुए हैं?
   (1) रोशनी, घर, जगह  (2) सर्दियाँ, सक्रियता, गर्मियाँ
   (3) वक्त, लाभ, अधिकता  (4) सूर्य, संसार, जीव

7. किस शब्द का **बहुवचन** में परिवर्तित रूप नहीं होगा?
   (1) अंग  (2) घर  (3) दिमाग  (4) स्थिति

8. **'यह स्थिति बहुत खतरनाक है।' में काल है** –
   (1) पूर्ण वर्तमान  (2) पूर्ण भूत  (3) सामान्य वर्तमान  (4) अनिश्चित वर्तमान

9. **'सहोदर'** शब्द का लिंग परिवर्तन होगा –
   (1) सहोदार्य  (2) सहोदरा  (3) सहोदरी  (4) सहचर

10. व्याकरण के अनुसार काल के भेद होते हैं –
   (1) पाँच  (2) चार  (3) तीन  (4) दो

11. **सरल वाक्य** की रचना के प्रमुख घटक क्या हैं?
   (1) उद्देश्य और विधेय  (2) कथन और सकर्मक क्रिया
   (3) कर्ता और प्रेरक संज्ञा  (4) सकर्मक और द्विकर्मक क्रिया

12. **'आप अच्छे हैं न'** यह वाक्य है –
   (1) विस्मयवाचक  (2) प्रश्नवाचक  (3) संकेतवाचक  (4) विधानवाचक

13. इनमें **मिश्र वाक्य** कौनसा है?
   (1) उसने दो दिन से खाना नहीं खाया।
   (2) मैं जानता हूँ कि वह कहाँ गया है।
   (3) दस कमरों के इस मकान में प्रियांशु, दिव्यांशु, विराज और रिद्धीश ही रहते हैं।
   (4) पाँच लड़के सामने वाले मैदान में क्रिकेट खेल रहे हैं।

14. इनमें से किस वाक्य में **मुहावरे** का गलत प्रयोग है?
   (1) उसे व्यापार में इतना घाटा हुआ कि उसकी चाँदी कट गई।
   (2) देश के लिए सैनिक सिर पर कफन बाँधकर चलते हैं।
   (3) मैंने कई लोगों की जूतियाँ उठाई हैं, तभी आज यहाँ पहुँचा हूँ।
   (4) सरकारें आजकल काम करने के बजाय कागजी घोड़े दौड़ाने में अधिक लगी हुई हैं।

15. **'गंगा गये गंगादास, जमुना गये जमुनादास'** लोकोक्ति का सही अर्थ है –
   (1) अवसरवादी होना  (2) परिवर्तनशील होना
   (3) नदियों के बदलने पर नाम बदल देना
   (4) जहाँ स्नान करो उसी नदी का नाम रख लेना

16. भाषा की पाठ्य-पुस्तकें —
(1) साधन है (2) साध्य है (3) अध्यापक ही होनी चाहिए
(4) भाषा सीखने की एकमात्र संस्थान है

17. हिंदी भाषा के अतिरिक्त कौनसी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है ?
(1) उर्दू (2) पंजाबी (3) मराठी (4) इनमें से कोई नहीं

18. भाषा शिक्षक के रूप में आप —
(1) ड्राइंग बनाएँगे (2) प्रश्नों के उत्तर पूछेंगे (3) पाठ्य-पुस्तक पर बल देंगे
(4) बच्चों को अपने अनुभव और विचार बताने के लिए उनमें उत्सुकता जगाएँगे

19. प्राथमिक स्तर पर भाषा की पाठ्य-पुस्तकों में किस तरह की रचनाओं को स्थान दिया जाना चाहिए ?
(1) केवल कहानियाँ अथवा कविताएँ (2) विदेशी साहित्य की रचनाएँ
(3) जो प्रत्यक्ष रूप से मूल्यों पर आधारित हो
(4) ऐसी रचनाएँ जो बच्चे के परिवेश से जुड़ी हों और जिनमें भाषा की अलग-अलग छटाएँ हों

20. पढ़ने में बाधा नहीं है —
(1) उच्चारण पर ही जोर देते रहना (2) सटीकता पर ही जोर देते रहना
(3) लिखी हुई चीज का अर्थ निकालना (4) सारे नियम पहले ही बता डालना

21. भाषा-कौशलों के संदर्भ में कौनसा कथन उचित है ?
(1) भाषा कौशलों के विकास में अभ्यास की अपेक्षा भाषिक नियमों का ज्ञान जरूरी है।
(2) विद्यालय में केवल 'पढ़ना', 'लिखना' कौशलों पर ही बल देना चाहिए।
(3) बच्चे केवल सुनना, खेलना, पढ़ना, लिखना कौशल क्रम से ही सीखते हैं।
(4) भाषा के चारों कौशल परस्पर अन्तः सम्बन्धित है।

22. हिंदी भाषा की बारीकी को सही रूप से समझने की क्षमता का विकास करने के लिए आप क्या करेंगे ?
(1) गूढ़ अर्थ वाली भाषा से युक्त सामग्री पढ़वाना
(2) संस्कृतनिष्ठ हिंदी भाषा से युक्त सामग्री उपलब्ध कराना
(3) हिंदी भाषा के प्राचीनतम प्रयोगों से युक्त सामग्री उपलब्ध कराना
(4) हिंदी भाषा के विभिन्न प्रयोगों से युक्त सामग्री उपलब्ध कराना

23. लेखन-क्षमता का विकास करने के संदर्भ में आपके लिए सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है—
(1) मानक वर्तनी का प्रयोग (2) सुंदर लेखन का अभ्यास
(3) दिए हुए बिंदुओं और निर्देशों के आधार पर निबंध लिखना
(4) सुनी, पढ़ी और समझी हुई बात की स्वाभाविक लिखित अभिव्यक्ति

24. रिद्धिमा अपनी बात कहते समय अपनी मातृभाषा के शब्दों का प्रयोग करती है। आप क्या करेंगे ?
(1) उसे बताएँगे कि ये शब्द गलत हैं
(2) उसे बताएँगे कि किसी शब्द विशेष को क्या कहते हैं
(3) उसे डाँटेंगे कि वह अपनी भाषा के शब्दों का प्रयोग न करे
(4) लक्ष्य भाषा के शब्दों का प्रयोग करते हुए सहजता से उसके वाक्य को दोहराएँगे

25. निम्नलिखित में से कौनसा उपचारात्मक शिक्षण का सिद्धांत नहीं है ?
(1) शिक्षण निदानात्मक परीक्षणों में दक्ष हो
(2) शिक्षण के दौरान बच्चों को सक्रिय रखा जाए
(3) बच्चों एवं शिक्षक के मध्य संबंध स्थापित किया जाए
(4) अध्यापक अपने दृष्टिकोण को अनुभवों के आधार पर न अपनाएँ

26. निम्नलिखित में से सृजनात्मक उद्देश्य है —
(1) सद्वृत्तियों का विकास करना
(2) भाषा के तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त करना
(3) मातृभाषा तथा उसके साहित्य में रुचि लेना
(4) भाषा कौशलों में मौलिकता लाने की योग्यता रखना

27. निम्नलिखित में से कौनसा अपेक्षित व्यवहार परिवर्तन भाषा के तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त करने से संबंधित नहीं है ?
(1) वह उनमें से अशुद्धियों को पहचान सकेगा
(2) वह सुनी हुई सामग्री का विषय जान सकेगा
(3) विद्यार्थी भाषा के तत्त्वों का पद जान सकेगा
(4) विद्यार्थी भाषिक तत्त्वों के भेदक लक्षणों को ध्यान में ला सकेगा

28. 'सुनना' भाषायी कौशल का प्रथम सोपान है, क्योंकि
(1) भाषा को पास-पड़ोस एवं मित्रों द्वारा सीखा जाता है
(2) अपने अध्यापक को बोलते सुनता है और उनका अनुकरण करता है
(3) भाषा केवल अनुकरण द्वारा ही सीखी जाती है, जिसमें सुनना प्रमुख है
(4) आरंभ में बालक अपने माता-पिता को बोलते सुनता है और धीरे-धीरे अनुकरण करने लगता है

29. मौखिक रूप से बोलने के कौशल का विकास करने हेतु उपयुक्त तरीका है—
(1) अनुकरण पठन (2) व्यक्तिगत पठन (3) सामूहिक पठन (4) उपर्युक्त सभी

30. निम्नलिखित में से हिंदी शिक्षण का सामान्य उद्देश्य नहीं है—
(1) आदर्श चरित्र का निर्माण करना (2) मानसिक शक्तियों का विकास करना
(3) हिंदी के प्रति प्रेम उत्पन्न करना (4) शारीरिक शक्तियों का विकास करना

# 3 REET : मॉडल टेस्ट पेपर

## भाषा-प्रथम : सामान्य हिंदी

**प्रश्न : 30 समय : 30 मिनिट अंक : 30**

हम प्रतिदिन भगवान का स्मरण करते हैं। भगवान परमानंद हैं और हम उस परमानंद को पाना चाहते हैं। हम चाहते हैं, हमारे जीवन में जो भी चीजें हों वो आनंद देने वाली हों। जीवन में सुख प्राप्त करने का आशय ही आनंदित होना है। सुख क्षणिक नहीं है, बल्कि दुःख क्षणिक है। हमारे जीवन का अधिकांश हिस्सा आनंदमय होता है और दुःख का हिस्सा बहुत कम होता है। इसलिए हमें इस चीज को समझना चाहिए कि हमारा मूल स्वभाव आनंद है। इसीलिए हमें अपने आपको अपने भीतर खोजना चाहिए। यदि हमने अपने आपको खोज लिया तो हम सदानंद हो जाएँगे। फिर हमें आनंदित होने के लिए अपने बाहर की क्रियाओं पर आश्रित नहीं होना पड़ेगा।

(उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों–1. से 5. तक–के उत्तर दीजिए)–

1. **'प्रतिदिन'** शब्द में **समास** का भेद है–
(1) अव्ययीभाव (2) कर्म तत्पुरुष (3) करण तत्पुरुष (4) कर्मधारय

2. निम्नलिखित में से किस शब्द में **संधि** एवं **समास** दोनों है?
(1) आनंदित (2) आश्रित (3) परमानंद (4) क्षणिक

3. **'भीतर'** एवं **'अधिकांश'** शब्दों में क्रमशः शब्द-प्रकार हैं–
(1) अव्यय, विशेषण (2) जातिवाचक संज्ञा, भाववाचक संज्ञा
(3) संज्ञा, विशेषण (4) भाववाचक संज्ञा, अव्यय

4. **'आनंद'** शब्द के पर्यायवाची नहीं हैं–
(1) प्रसन्नता, आह्लाद (2) लुत्फ, उल्लास (3) उमंग, जोश (4) प्रमोद, हर्ष

5. **'स्वभाव'** शब्द में शब्द-प्रकार है–
(1) तत्सम (2) तद्भव (3) देशज (4) विदेशी

आज सारी दुनिया में उत्पादन, वितरण और उपभोग को बढ़ाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। प्रकृति को अनुकूल बनाने की तरह के छोटे-बड़े प्रयोग चल रहे हैं। हमें यह समझ लेना चाहिए कि प्रदूषण से मुक्ति यथा स्थितिवादी व्यवस्था से मुक्ति के साथ ही संभव है, पर इस सूक्ष्म बात को भी समझ लेना कठिन नहीं कि प्रदूषण-मुक्ति की लड़ाई व्यक्तिगत स्तर पर भी लड़ी जा सकती है। इसलिए हमारा जोर है कि हम अपने को गंभीरता से लें। अपने और प्रकृति को गंभीरता से लेते ही उपाय निकलते चले जाएँगे। अगर हम मान लें कि समाज और प्रकृति को बचाना ही है तब तो प्रदूषण से तो लड़ना ही होगा।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों-6.से 10.तक-के उत्तर दीजिए)—

6. **'आज सारी दुनिया में उत्पादन, वितरण और उपभोग को बढ़ाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।'** वाक्य में **काल** है—

(1) सामान्य वर्तमान (2) सातत्य वर्तमान (3) संदिग्ध वर्तमान (4) आज्ञार्थक वर्तमान

7. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द सदैव **एकवचन** का प्रतिनिधित्व करता है?

(1) वृन्द (2) प्रत्येक (3) गण (4) जन

8. निम्नलिखित में से **स्त्रीलिंग** शब्द नहीं है—

(1) गंभीरता (2) उपाय (3) प्रकृति (4) दुनिया

9. निम्नलिखित में से **पुल्लिंग** शब्द नहीं है—

(1) प्रदूषण (2) प्रयोग (3) बात (4) समाज

10. **काल** के द्वारा किसका निर्धारण होता है?

(1) संज्ञा (2) सर्वनाम (3) विशेषण (4) क्रिया

11. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद है?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

12. **'समाचार पत्र में अनोखी घटना छपी है'** इस वाक्य में **विधेय** क्या है

(1) पत्र में (2) अनोखी घटना छपी है (3) घटना छपी है (4) छपी है

13. **'सूर्योदय होने पर कोहरा छँट गया'** वाक्य का अर्थ के आधार पर प्रकार है—

(1) संकेतार्थक (2) विधानार्थक (3) विस्मयार्थक (4) संदेहार्थक

14. निम्नांकित वाक्यों में से किस विकल्प में **मुहावरे** की दृष्टि से असंगत प्रयुक्ति हुई है?

(1) परीक्षा के दिनों में छात्रों को पढ़ने की धुन सवार रहती है।

(2) पुलिस ने दंगाइयों पर लाठीचार्ज कर तितर-बितर कर दिया।

(3) भारतीय टीम की हार से क्रिकेट प्रशंसकों का दिल टूट गया।

(4) लड़कों ने धूप में बाल सफेद नहीं किए इसलिए हारते ही जा रहे हैं।

15. **' जो लोग अपनी जेब की तरफ न देखकर खोखली शान में सीमा से अधिक खर्च करते हैं वे कर्ज में डूब जाते हैं, जबकि चाहिए यह कि ________।'**

रिक्त स्थान में सही **लोकोक्ति** होगी—

(1) कभी घी घना, कभी मुट्ठी चना

(2) गुड़ खाए गुलगुले से परहेज करे

(3) चंदन की चुटकी भली गाड़ी भरा न काठ

(4) तेते पाँव पसारिये जेतें लाम्बी सौर

16. चॉमस्की के अनुसार कौनसा कथन सही है ?
(1) बच्चों को व्यवस्था सिखाना जरूरी है
(2) बच्चों में भाषा सीखने की जन्मजात क्षमता होती है
(3) बच्चों में भाषा सीखने की जन्मजात क्षमता नहीं होती है
(4) बच्चों में भाषा सीखने की क्षमताएँ बहुत सीमित होती है

17. प्राथमिक स्तर पर भाषा-अध्ययन में मुख्य तत्त्व होगा—
(1) उच्चारण की स्पष्टता (2) व्याकरण का उपयोग
(3) शब्द-भंडार अभिवृद्धि (4) साहित्यिक समझ

18. प्राथमिक स्तर पर बच्चों को भाषा सिखाने का सर्वोपरि उद्देश्य है—
(1) मुहावरे-लोकोक्तियों का ज्ञान प्राप्त करना
(2) तेज-प्रवाह के साथ पढ़ने की योग्यता विकसित करना
(3) कहानी-कविताओं को दोहराने की कुशलता का विकास करना
(4) अपनी बात को दूसरों के समक्ष अभिव्यक्त करने की कुशलता का विकास करना

19. घर की भाषा और विद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा—
(1) समान हो सकती है (2) सदैव समान होती है
(3) सदैव अलग होती है (4) सदैव टकराहट से गुजरती है

20. भाषा के व्याकरण की समझ को—
(1) केवल निबंधात्मक प्रश्नों के माध्यम से आँका जाना चाहिए
(2) केवल लघुतरात्मक प्रश्नों के माध्यम से आँका जाना चाहिए
(3) केवल वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के माध्यम से आँका जाना चाहिए
(4) संदर्भपरक प्रश्नों के माध्यम से आँका जाना चाहिए

21. भाषायी ज्ञान का मूल्यांकन होता है—
(1) मात्र लिखित परीक्षा के माध्यम से
(2) मात्र मौखिक परीक्षा के माध्यम से
(3) लिखित एवं मौखिक दोनों परीक्षा के माध्यम से
(4) उपर्युक्त में से किसी माध्यम से नहीं

22. निम्नलिखित में से कौनसा सिद्धांत भाषा के उद्भव और विकास से संबंधित है—
(1) बिग-बैग सिद्धांत (2) डिंग-डांग सिद्धांत (3) बिली-बैली सिद्धांत (4) डिली-डैली सिद्धांत

23. भाषा की कक्षा में यह जरूरी है कि—
(1) बच्चे मानक भाषा में ही बातचीत करें
(2) बच्चों की अधिक-से-अधिक परीक्षाएँ ली जाएँ
(3) भाषा की पाठ्य-पुस्तक पर विशेष ध्यान दिया जाए
(4) भाषिक पृष्ठभूमि के आधार पर किसी को पीछे न छोड़ा जाए

24. निम्नलिखित में से कौशलात्मक उद्देश्य में नहीं आता है—
(1) बोधसहित सुनने की योग्यता प्राप्त करना
(2) बोधसहित पढ़ने की योग्यता प्राप्त करना
(3) रचना के विविध रूपों का ज्ञान प्राप्त कराना
(4) प्रभावी ढंग से बोलकर अपनी बात कहने की योग्यता प्राप्त करना

25. किस मूल्यांकन के अन्तर्गत छात्रों की शाब्दिक अभिव्यक्ति, उसके मत एवं दृष्टिकोणों की योग्यता, भाषा-प्रवाह, तार्किक शक्ति का पता चलता है?
(1) मौखिक मूल्यांकन (2) लिखित मूल्यांकन (3) व्यक्तित्व मूल्यांकन (4) सामूहिक मूल्यांकन

26. क्रियात्मक अनुसंधान का उद्देश्य होता है—
(1) जनता का सर्वे करना (2) नए तथ्यों व सिद्धांतों का निर्माण
(3) कक्षा एवं विद्यालय की कार्य-प्रणाली में सुधार लाना
(4) क्रियाशीलता द्वारा शिक्षण- अधिगम के सिद्धांत बनाना

27. भाषा-शिक्षण में व्यापक उपचारात्मक शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयुक्त उपाय
(1) विद्यालयों को और अधिक धन उपलब्ध कराया जाए
(2) सभी विद्यालयों को राजकीय विद्यालय बना दिया जाए
(3) कक्षा-शिक्षण नियमित रूप से होने की व्यवस्था की जाए
(4) प्रत्येक विद्यालय हेतु उपयुक्त भौतिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ

28. प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा-शिक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है?
(1) बच्चे भाषा की जटिल और समृद्ध संरचनाओं के साथ विद्यालय आते हैं।
(2) बच्चे समृद्ध भाषा-परिवेश में सहज और स्वतः रूप से भाषा में परिमार्जन कर लेंगे।
(3) सुधार के नाम पर की जाने वाली टिप्पणियों व निरर्थक अभ्यास से बच्चों में अरुचि उत्पन्न हो सकती है।
(4) बच्चों की भाषा-संकल्पनाओं और विद्यालय में प्रचलित भाषा-परिवेश में विरोधाभास ही भाषा सीखने में सहायक होता है।

29. वाद-विवाद प्रतियोगिता का ही एक रूप है—
(1) प्रवचन विधि (2) प्रबोधन विधि (3) रूपरेखा विधि (4) विमर्श विधि

30. शिक्षा तथा भाषा का संबंध है—
(1) शिक्षा तथा भाषा का संबंध अस्पष्ट है
(2) शिक्षा तथा भाषा में कोई संबंध नहीं है
(3) शिक्षा के माध्यम से भाषा सीखी जाती है
(4) अधिकांश शिक्षा भाषा के माध्यम से ली एवं दी जाती है

# 4 REET : मॉडल टेस्ट पेपर

## भाषा – प्रथम : सामान्य हिंदी

**प्रश्न : 30 समय : 30 मिनिट अंक : 30**

प्रार्थना वही करता है जो अस्तित्व की विराटता को स्वीकार करता है और जो उसे ही सृष्टि के चलने का आधार मानता है। यह इस बात की भी स्वीकारोक्ति है कि हमारा खुद का किया पर्याप्त नहीं है, लक्ष्य-प्राप्ति के लिए परमसत्ता का सहयोग भी चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन के अंधकार का बोध रहा है और इसे दूर करने के लिए जो प्रकाश चाहिए, सूर्य उसका सबसे बड़ा प्रतीक है। इसलिए मनुष्य की पहली प्रार्थना भी सूर्य से ही हुई है। सूर्य की आराधना भय से उपजे अंधकार – बोध के कारण नहीं बल्कि सजगता का परिणाम है।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों – 1. से 5. तक – के उत्तर दीजिए) –

1. वह शब्द बताइए जिसमें **संधि** तथा **प्रत्यय** दोनों का प्रयोग हुआ है –
   (1) पर्याप्त (2) स्वीकारोक्ति (3) आराधना (4) सजगता
2. **'लक्ष्य-प्राप्ति'** शब्द में **समास** का भेद है –
   (1) अव्ययीभाव (2) तत्पुरुष (3) द्वन्द्व (4) कर्मधारय
3. इनमें से **'तत्सम'** शब्द नहीं है –
   (1) अंधकार (2) अग्नि (3) पहला (4) सूर्य
4. निम्नलिखित में से किस शब्द में **उपसर्ग** नहीं है?
   (1) आधार (2) जीवन (3) पर्याप्त (4) प्रकाश
5. निम्नलिखित में से **'सूर्य'** का **पर्यायवाची** नहीं है –
   (1) करुणाकर (2) दिनकर (3) दिवाकर (4) प्रभाकर

आजकल ज्यादातर लोगों की समस्या यह है कि अगर उन्हें कोई चीज महत्त्वपूर्ण लगती है, तो वे उसे लेकर घोर गंभीर हो जाते हैं। अगर उन्हें लगता है कि कोई चीज महत्त्वपूर्ण नहीं है, तो वे उसे लेकर लापरवाह हो जाते हैं, वे उससे जुड़ाव नहीं दिखाते। जब कोई कहता है, 'वह बहुत गंभीर हालत में है' बाकी चीजों से वे बचकर निकल जाएँगे क्योंकि जो उन्हें गंभीर बात नहीं लगती, वे उसके लिए जुड़ाव और समर्पण नहीं दिखा सकते। जिंदगी का मर्म यह है कि हरेक चीज को गंभीरता से न लेते हुए भी उससे पूरी तरह जुड़ाव बनाए रखिए।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों–6.से 10.तक–के उत्तर दीजिए)

6. किस विकल्प में सभी **स्त्रीलिंग** शब्द प्रयुक्त हुए हैं?

(1) मर्म, जुड़ाव, समर्पण (2) समस्या, गंभीरता, हालत
(3) बात, चीज, मर्म (4) लापरवाही, जुड़ाव, हालत

7. **'वह बहुत गंभीर हालत में है'** वाक्य में कौनसा काल है?

(1) सामान्य वर्तमान (2) आसन्न भूत (3) संदिग्ध भूत (4) पूर्ण भूत

8. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है?

(1) चीज (2) जुड़ाव (3) बात (4) समस्या

9. **'बाकी चीजों से वे बचकर निकल जाएँगे'** वाक्य का **भूतकाल** में रूप होगा–

(1) बाकी चीजों से वे बचकर निकल गए
(2) बाकी चीजों से वे बचकर निकल गए हैं
(3) बाकी चीजों से वे बचकर निकल गए थे
(4) बाकी चीजों से वे बचकर निकल रहे थे

10. निम्नलिखित में से **पुल्लिंग** शब्द का चयन कीजिए–

(1) हालत (2) लापरवाह (3) गंभीर (4) समर्पण

11. वाक्य में **'योग्यता'** से तात्पर्य है–

(1) शब्दों के क्रम की योग्यता
(2) पदों के अर्थबोधन का सामर्थ्य
(3) पदों में संधि के क्रम की योग्यता
(4) पदों में सामासिक पदों की योग्यता

12. **'जो लड़के अच्छे होते हैं वे परिश्रमी होते हैं।'**
उपर्युक्त वाक्य निम्नलिखित में से किस प्रकार का वाक्य है?

(1) सरल वाक्य (2) साधारण वाक्य (3) संयुक्त वाक्य (4) मिश्र वाक्य

13. **'भारत एक महान देश है।'** अर्थ के आधार पर इस वाक्य का प्रकार है–

(1) आज्ञार्थक (2) विधानार्थक (3) इच्छार्थक (4) संकेतार्थक

14. **'का वर्षा जब कृषि सुखाने'** लोकोक्ति का अर्थ है–

(1) अक्सर खेत सूखने पर वर्षा होती है।
(2) किसान अवसर की प्रतीक्षा नहीं करता है।
(3) समय निकलने के बाद कुछ मिले तो वह व्यर्थ है।
(4) सुबह का भटका शाम को घर आ जाए तो अच्छा है।

15. **'बड़े सम्मान और सत्कार से स्वागत करना।'**
उपर्युक्त अर्थ किस मुहावरे का है?

(1) सिर उठाना (2) सिर-आँखों पर बैठाना
(3) सिर चढ़कर बोलना (4) सिर थाम के बैठना

16. बच्चे प्रारंभ से ही–

(1) एक भाषिक होते हैं (2) द्विभाषिक होते हैं

(3) बहु भाषिक होते हैं (4) भाषा में कमजोर होते हैं

17. प्राथमिक स्तर पर एक भाषा-शिक्षक से सर्वाधिक अपेक्षित है–

(1) बच्चों की निरंतर परीक्षाएँ लेना

(2) बच्चों को मानक भाषा का प्रयोग सिखाना

(3) पाठ्य-पुस्तक में दी गई सभी कहानी-कविताओं को कंठस्थ करना

(4) कक्षा और कक्षा के बाहर बच्चों को भाषा-प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना

18. बच्चों की भाषा का आकलन करने के लिए सबसे उचित तरीका क्या है?

(1) बच्चों से किताब पढ़वाना (2) बच्चों के भाषा-प्रयोग का अवलोकन करना

(3) बच्चों की लिखित परीक्षा लेना (4) बच्चों से परियोजना-कार्य करवाना

19. हमारी कक्षाओं में बच्चे भिन्न-भिन्न पृष्ठभूमि से आते हैं, अतः

(1) उनकी भाषाओं को भी कक्षा में सम्मान देना अनिवार्य है

(2) उनकी सभी भाषाओं की जानकारी शिक्षक के लिए अनिवार्य है

(3) उनकी भाषाओं को सीखना सभी शिक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है

(4) भाषा की पाठ्य-पुस्तक में उनकी सभी भाषाओं के शब्द, वाक्य होना अनिवार्य

20. निम्नलिखित में से कौनसा भाषा-शिक्षण का उद्देश्य है?

(1) भाषा का व्याकरण सीखने पर बल देना

(2) भाषा सीखते समय त्रुटियाँ बिल्कुल न करना

(3) निजी अनुभवों के आधार पर भाषा का सृजनशील प्रयोग करना

(4) भाषा की बारीकी और सौंदर्य-बोध को सही रूप में समझने की क्षमता को हतोत्साहित करना

21. भाषा-शिक्षण का बहुभाषिक संदर्भ—

(1) एक समस्या है (2) एक से अधिक भाषाओं में शिक्षण-सामग्री है

(3) एक से अधिक भाषाएँ सीखने की ओर संकेत करता है

(4) बच्चों द्वारा एक से अधिक भाषाओं का प्रयोग करने की ओर संकेत करता है

22. भाषा-अर्जन और भाषा-अधिगम के संदर्भ में कौनसा कथन असत्य है?

(1) भाषा-अर्जन में विभिन्न संकल्पनाएँ भाषा (मातृभाषा) में बनती है

(2) भाषा-अधिगम में कभी भी अनुवाद का सहारा नहीं लिया जाता

(3) भाषा-अर्जन सहज और स्वाभाविक होता है; जबकि भाषा-अधिगम प्रयासपूर्ण होता है

(4) सांस्कृतिक विभिन्नता भाषा-अर्जन और भाषा-अधिगम को प्रभावित करने वाला महत्त्वपूर्ण कारक है

23. निम्नलिखित में से कौनसा बच्चों की भाषिक क्षमता के आकलन का सबसे उचित तरीका है?
(1) संज्ञा को परिभाषित कीजिए
(2) संज्ञा की परिभाषा को पूरा कीजिए
(3) संज्ञा शब्दों के दो उदाहरण दीजिए
(4) 'बादल', 'आसमान' और 'चिड़िया' बच्चे हैं तथा संज्ञा शब्दों का प्रयोग करते हुए एक कहानी लिखिए

24. बच्चे की भाषायी-क्षमता के आकलन का ये तरीका नहीं है—
(1) पेपर-पेंसिल आकलन (2) बच्चे द्वारा स्व आकलन
(3) बच्चे का सामूहिक आकलन (4) बच्चे का व्यक्तिगत आकलन

25. 'बोलना' कौशल में महत्त्वपूर्ण है—
(1) मधुर वाणी (2) स्पष्ट एवं शुद्ध उच्चारण (3) आलंकारिक भाषा का प्रयोग
(4) संदर्भ एवं स्थिति के अनुसार अपनी बात कह सकना

26. बच्चों के 'लेखन' कौशल का मूल्यांकन करने के लिए बेहतर विधि है—
(1) श्रुतिलेख (2) अपने अनुभवों को लिखना
(3) सुंदर लेख का अभ्यास (4) पाठाधारित प्रश्नों के उत्तर लिखना

27. गृहकार्य के बारे में कौनसा कथन उचित है?
(1) गृहकार्य देना अति आवश्यक है
(2) गृहकार्य कक्षा में किए गए कार्य का अभ्यास मात्र है
(3) गृहकार्य अभिभावकों को व्यस्त रखने का उत्तम साधन है
(4) बच्चों की क्षमताओं, स्तर के अनुसार गृहकार्य दिया जाना चाहिए

28. हिंदी भाषा-शिक्षक के रूप में आप किसे सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण मानते हैं?
(1) बच्चों को व्याकरण के नियम सिखाना
(2) बच्चों की लेखन-क्षमता का विकास करना
(3) बच्चों को विभिन्न संदर्भों में भाषा-प्रयोग सिखाना
(4) बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करना

29. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण का उद्देश्य है—
(1) बच्चों को संज्ञा के प्रयोग का ज्ञान कराना
(2) बच्चों को सर्वनाम के प्रयोग का ज्ञान कराना
(3) बच्चों को क्रिया के प्रयोग का ज्ञान कराना
(4) बच्चों को भाषा की नियमबद्ध प्रकृति की पहचान व उसका विश्लेषण करना सिखाना

30. भाषा सीखने में सामाजिक अन्तःक्रिया का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस कथन का संबंध किससे है? (1) स्किनर (2) वाइगोत्सकी (3) चॉमस्की (4) पियाजे

# 5 REET : मॉडल टेस्ट पेपर

## भाषा–प्रथम : सामान्य हिंदी

**प्रश्न : 30 समय : 30 मिनिट अंक : 30**

बिजली की जरूरत लगातार बढ़ती जा रही है। पहले कुछ ही उपकरण होते थे, लेकिन अब कई तरह के उपकरण होने लगे हैं, जो जरूरी होते हैं। इससे बिजली का बिल अधिक आता है और व्यावसायिक इमारतों, किसी संस्थान या औद्योगिक इमारतों में यह बहुत अधिक होता है। इसलिए बिजली का बिल कम करने का सबसे अच्छा और टिकाऊ **'रूफटॉप सोलर सिस्टम'** है। यह अभी बहुत ज्यादा चलन में नहीं है। लेकिन, इसके फायदे अधिक हैं और कई देशों में इसे अपनाया जा रहा है। इसलिए आप व्यावसायिक उपयोगवाली इमारत में या अपने घर में बिजली की लागत कम करना चाहते हैं तो ये तरीके अपना सकते हैं।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों–**1. से 5. तक**–के उत्तर दीजिए)–

1. वह शब्द बताइए जिसमें **संधि, उपसर्ग** एवं **प्रत्यय** तीनों का प्रयोग हुआ है–
   (1) उपकरण (2) औद्योगिक (3) इमारतों (4) टिकाऊ
2. **'बिजली'** शब्द का **पर्यायवाची** इनमें से कौनसा नहीं है?
   (1) सौदामिनी (2) दामिनी (3) क्षणप्रभा (4) विभावरी
3. **'व्यावसायिक'** शब्द में **शब्द-प्रकार** है–
   (1) संज्ञा (2) सर्वनाम (3) विशेषण (4) अव्यय
4. निम्नलिखित में से **अव्यय** से बनी **भाववाचक संज्ञा** है–
   (1) चलन (2) जरूरत (3) टिकाऊ (4) लागत
5. **'ये'** सर्वनाम का भेद कौनसा है?
   (1) उत्तम पुरुष, एकवचन (2) मध्यम पुरुष, एकवचन
   (3) अन्य पुरुष, बहुवचन (4) मध्यम पुरुष, बहुवचन

यह संसार कर्मफल-व्यवस्था के आधार पर चल रहा है, इसमें कोई दो राय नहीं है। इसीलिए कहा जाता है कि जो जैसा बोता है वह वैसा काटता है। अर्थात् हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती ही है। कर्मफल तत्काल मिले, ऐसी विधि-व्यवस्था इस संसार में नहीं है। जिस प्रकार से क्रिया और प्रतिक्रिया के बीच कुछ समय का अन्तराल रहता है। बीज बोते ही फल-फूलों से लदा वृक्ष सामने प्रस्तुत नहीं होता। उसके लिए धैर्य रखना होता है। उसी तरह कर्म को फल-रूप में परिवर्तित होने की प्रक्रिया में कुछ समय तो लगता ही है।

(गद्यांश के आधार पर अग्रलिखित प्रश्नों–**6. से 10. तक**–के उत्तर दीजिए)–

6. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी **पुल्लिंग** शब्द प्रयुक्त हुए हैं?
(1) फल, व्यवस्था, राय, क्रिया (2) संसार, समय, फूल, धैर्य
(3) वैसा, अंतराल, बीज, प्रक्रिया (4) कर्म, रूप, आधार, प्रतिक्रिया

7. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द सदैव **एकवचन** में ही प्रयुक्त होता है?
(1) वैसा (2) कर्म (3) प्रक्रिया (4) धैर्य

8. निम्नलिखित में से किस विकल्प में **अपूर्ण वर्तमान काल** है?
(1) यह संसार कर्मफल व्यवस्था के आधार पर चल रहा है।
(2) हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती ही है।
(3) क्रिया और प्रतिक्रिया के बीच कुछ समय का अन्तराल रहता है।
(4) कर्म को फलरूप में परिवर्तित होने की प्रक्रिया में कुछ समय लगता है।

9. **'जो जैसा बोता है वह वैसा काटता है।'**
उपर्युक्त वाक्य का **भविष्यत् काल** में परिवर्तित रूप होगा—
(1) जो जैसा बो रहा है, वैसा काट रहा है।
(2) जिसने जैसा बोया उसने वैसा काटा।
(3) जिसने जैसा बोया है उसने वैसा काटा है।
(4) जो जैसा बोएगा वह वैसा काटेगा।

10. निम्नलिखित में से किस शब्द का **लिंग** ज्ञात नहीं कर सकते?
(1) तत्काल (2) अन्तराल (3) व्यवस्था (4) प्रतिक्रिया

11. **'रात में पहरा देनेवाला पहरेदार कल गोली का शिकार हुआ।'**
उपर्युक्त रेखांकित वाक्यांश में **पदबंध** का प्रकार है—
(1) संज्ञा पदबंध (2) विशेषण पदबंध (3) क्रिया पदबंध (4) क्रियाविशेषण पदबंध

12. **'जो व्यक्ति गुणी होता है, उसे सभी चाहते हैं।'**
उपर्युक्त मिश्र वाक्य के रेखांकित उपवाक्य का प्रकार है—
(1) प्रधान उपवाक्य (2) संज्ञा उपवाक्य (3) विशेषण उपवाक्य (4) क्रियाविशेषण उपवाक्य

13. **'अब तक वह सो गया होगा'** अर्थ के आधार पर वाक्य का प्रकार है—
(1) इच्छार्थक (2) संदेहार्थक (3) संकेतार्थक (4) प्रश्नार्थक

14. **'उल्टी गंगा बहाना'** मुहावरे का सही अर्थ है—
(1) असंभव कार्य करना (2) गंगा की धारा में तैरना
(3) रीति के विपरीत कार्य करना (4) गंगा की धारा को पलट देना

15. **'बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद'** लोकोक्ति का अर्थ है—
(1) पागल व्यक्ति अच्छी वस्तु फेंक देता है (2) बंदर के मुख में स्वादेन्द्रियाँ नहीं होती
(3) बंदर को अदरक का स्वाद मालूम नहीं होता
(4) गुणहीन व्यक्ति अच्छी वस्तु का भी अनादर करता है

16. प्राथमिक स्तर पर कौनसा भाषा-शिक्षण का उद्देश्य नहीं है?
(1) वर्णमाला को क्रम से कंठस्थ करना
(2) ध्वनि-संकेत चिह्नों का सम्बन्ध बनाना
(3) विभिन्न संदर्भों में भाषा का प्रयोग करना
(4) स्पष्टता एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कहना

17. उपचारात्मक शिक्षण की सफलता निर्भर करती है—
(1) समयावधि पर (2) भाषिक नियमों के ज्ञान पर
(3) उपचारात्मक शिक्षण की सामग्री पर
(4) समस्याओं के कारणों की सही पहचान पर

18. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा-शिक्षण के लिए क्या अपेक्षित नहीं है?
(1) स्वाध्यायशीलता का विकास (2) भाषा-प्रयोग की क्षमता का विकास
(3) चिंतनशीलता का विकास (4) सुनकर शब्दशः दोहराने की क्षमता का विकास

19. भाषा-अर्जन में बच्चे भाषा को—
(1) सहजता और अभ्यास से सीखते हैं
(2) अभ्यास और यांत्रिकता से सीखते हैं
(3) सहज और स्वाभाविक रूप से सीखते हैं
(4) स्वाभाविक और प्रयासपूर्ण तरीके से सीखते हैं

20. एक बहुसांस्कृतिक कक्षा में आप एक भाषा-शिक्षक के रूप में किस बात को अधिक महत्त्व देंगे?
(1) स्वयं शुद्ध भाषा-प्रयोग (2) बच्चों को व्याकरण सिखाना
(3) पाठ्य-पुस्तक के प्रत्येक पाठ को भली-भाँति समझना
(4) बच्चों को भाषा-प्रयोग के अधिक से अधिक अवसर देना

21. कविता-शिक्षण के संदर्भ में आप किस बिंदु को सर्वाधिक महत्त्व देते हैं?
(1) कविता का एक निश्चित अर्थ होता है
(2) कविता के एक से अधिक अर्थ हो सकते हैं
(3) कविता में सामाजिक परिस्थितियों की झलक नहीं होती
(4) कविता में राजनीतिक परिस्थितियों की झलक नहीं होती

22. बच्चों में बोलने के कौशल का मूल्यांकन करने के लिए निम्न में से कौनसी विधि उपयुक्त हो सकती है?
(1) बच्चों के बीच परिचर्चा कराई जाए
(2) शिक्षक स्वयं बच्चों से वार्तालाप करे
(3) बच्चों को एक-एक कर कक्षा-कक्ष में किसी पाठ्य-वस्तु पर भाषण कराया जाए (4) उपर्युक्त सभी

23. भाषा-शिक्षण में उद्देश्यनिष्ठ की विशेषताएँ हैं—
(1) विश्वसनीयता और वैधता (2) वस्तुनिष्ठता और विभेदकारी
(3) व्यापकता और व्यावहारिकता (4) उपर्युक्त सभी

24. वाचन-शिक्षण का उद्देश्य है—
(1) धाराप्रवाह वाचन की योग्यता प्रदान करना
(2) बालकों को स्वरों के आरोह-अवरोह का अभ्यास करानl
(3) बालकों को उचित ध्वनि के साथ वाचन का अभ्यास कराना
(4) उपर्युक्त सभी

25. निम्न में से प्रभावी ढंग से बोलकर अपनी बात कहने की योग्यता प्राप्त करने का अपेक्षित व्यवहार-परिवर्तन नहीं है—
(1) वह औपचारिक व अनौपचारिक कथन में भेद कर सकेगा
(2) वह व्याकरण की दृष्टि से बोलने में सही भाषा का प्रयोग कर सकेगा
(3) वह संदर्भ के अनुसार शब्दों, मुहावरों और लोकोक्तियों का बोलने में प्रयोग कर सकेगा
(4) वह निजी भावों और विचारों का स्पष्ट, सरल और प्रभावपूर्ण ढंग से बोलकर अभिव्यक्त कर सकेगा

26. ग्राह्यात्मक कौशलों में शामिल हैं—
(1) पढ़ना, लिखना (2) पढ़ना, सुनना (3) बोलना, लिखना (4) बोलना, सुनना

27. मूल्यांकन का उद्देश्य नहीं है—
(1) बालकों को कुशल खिलाड़ी बनाना
(2) बालकों के विकास को निरन्तर गति देने में सहायता देना
(3) बालकों की समस्याओं, विफलताओं आदि का निर्धारण कर दोषों को जानना
(4) यह जाँचना कि बालकों ने योग्यताओं, कुशलताओं, रुचियों आदि को स्वयं ने किस सीमा तक ग्रहण किया है

28. भाषा के अभिव्यक्तात्मक कौशल हैं—
(1) पढ़ना, लिखना (2) पढ़ना, सुनना (3) बोलना, लिखना (4) बोलना, सुनना

29. भाषा संप्रेषण का माध्यम है, समाज में किसी भी भाषा के मौखिक रूप का महत्त्व सर्वाधिक होता है। निम्नलिखित में से कौन भाषा की मौखिक अभिव्यक्ति के प्रकारों में सम्मिलित नहीं है?
(1) कहानी-कथन (2) कहानी-लेखन (3) वार्तालाप (4) वाद-विवाद

30. कौनसी परीक्षा अच्छे और कमजोर बालकों में भेद स्थापित करने में सक्षम है?
(1) निबंधात्मक परीक्षा (2) मौखिक परीक्षा (3) वस्तुनिष्ठ परीक्षा (4) उपर्युक्त सभी

# 6 REET : मॉडल टेस्ट पेपर

## भाषा – प्रथम : सामान्य हिंदी

**प्रश्न : 30 समय : 30 मिनिट अंक : 30**

बरसात से खुशनुमा हुआ परिवेश दीपावली के बाद छाई ठंडक से और भी ख़ूबसूरत हो जाता है। ऐसे में प्राकृतिक संपदा के बीच यदि पानी में कलरव करते पक्षियों का झुंड देखने को मिल जाए तो वो पल व्यक्ति के लिए असीम सुकून प्रदान करने वाले होते हैं। इन दोनों का एकसाथ लुत्फ उठाया जा सकता है। पर्यटन के हिसाब से जयपुर की मालपुरा तहसील में टोरड़ी बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान बनता जा रहा है। यहाँ की पहाड़ी पर स्थित फोर्ट, गाँव के बीच बसा महल, कलात्मकता से लबरेज बावड़ियाँ, करीब पच्चीस किलोमीटर क्षेत्र में फैला टोरड़ी सागर बाँध और पास ही कई किलोमीटरों में फैले रेत के धोरे, वन, मौसमी नदियों, लहलहाते खेत और प्राचीन मंदिरों का अनुठा संगम पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। सुंदरता और उनके सबसे अच्छे रूप में प्रकृति और परंपरा को यहाँ सहज ही महसूस किया जा सकता है। (गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए)–

**1. 'ख़ूबसूरत' शब्द किस भाषा का शब्द है ?**

(1) अरबी (2) फारसी (3) तुर्की (4) हिंदी

**2. 'पर्यटन' शब्द में संधि-विच्छेद होगा—**

(1) पर्य + टन (2) परि + अटन (3) पर्य + अटन (4) परि + टन

**3. 'सौंदर्य' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है—**

(1) अ (2) य (3) अय (4) र्य

**4. 'सुंदरता' शब्द में शब्द-प्रकार है—**

(1) भाववाचक संज्ञा (2) जातिवाचक संज्ञा (3) अवस्थासूचक विशेषण (4) विशेषण

**5. 'प्रकृति' शब्द है —**

(1) तत्सम (2) तद्भव (3) देशज (4) विदेशी

इतिहास में बेहतर भविष्य की तलाश के लिए मानव द्वारा पलायन के अनेक उदाहरण मिलते हैं। यहाँ तक माना जाता है कि पलायन मानव सभ्यता के प्रारंभिक दौर में सामाजिक जीवन का अहम हिस्सा था। लेकिन जब पलायन निराशा, मायूसी और जान बचाने के लिए किया जाए तो इसे मजबूरी ही कहा जाएगा। इस वर्ष तक विश्वभर में करीब छह करोड़ लोग अस्थिरता, आतंकवाद, बाढ़, सूखा और उत्पीड़न के चलते एक देश से दूसरे देश में शरण लेने को मजबूर हुए। विश्व में हर आठवाँ व्यक्ति अपने ही देश में एक शहर से दूसरे शहर को पलायन कर रहा है। इसका सीधा अर्थ नीति-निर्धारण में गंभीर खामियाँ हैं।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों-6.से 10.तक-के उत्तर दीजिए)-

6. **'नीति-निर्धारण'** शब्द में कारक का अपेक्षित प्रयोग है-
(1) कर्म (2) करण (3) संबंध (4) अपादान

7. **'हो सकता है कि लोग सूखा और उत्पीड़न के चलते एक देश से दूसरे देश में शरण लेने को मजबूर हों।'** इस वाक्य में काल का भेद है-
(1) अपूर्ण भविष्यत् (2) पूर्ण भविष्यत् (3) सामान्य भविष्यत् (4) सम्भाव्य भविष्यत्

8. किस विकल्प में सभी **स्त्रीलिंग** शब्द प्रयुक्त हुए हैं?
(1) इतिहास, भविष्य, पलायन, उदाहरण (2) तलाश, सभ्यता, निराशा, मायूसी
(3) दौर, जीवन, हिस्सा, जान (4) मजबूरी, लोग, शरण, आतंकवाद

9. किस विकल्प के सभी शब्द सदैव **एकवचन** में प्रयुक्त होंगे?
(1) उदाहरण, मानव, जान (2) शहर, व्यक्ति, स्वामी
(3) आतंकवाद, पलायन, भविष्य (4) हिस्सा, निराशा, मायूसी

10. निम्नलिखित वाक्यों में से **अपूर्ण वर्तमान काल** वाला वाक्य है-
(1) मानव द्वारा पलायन के अनेक उदाहरण मिलते हैं।
(2) प्रारंभिक दौर में सामाजिक जीवन का अहम हिस्सा था।
(3) एक देश से दूसरे देश में शरण लेने को मजबूर हुए।
(4) एक शहर से दूसरे शहर को पलायन कर रहा है।

11. **'सुंदर भारत का सपना देखनेवाला नेता अब ढूँढ़े नहीं मिलता है।**
उपर्युक्त वाक्य का **उद्देश्य** होगा-
(1) सुंदर भारत का सपना देखनेवाला (2) नेता (3) अब ढूँढ़े नहीं (4) मिलता है

12. निम्नलिखित वाक्यों में से **मिश्र वाक्य** का चयन कीजिए-
(1) मोहन के घर पहुँचने से पूर्व उसके पिता चल बसे।
(2) जब तक मोहन घर पहुँचा तब तक उसके पिता चल बसे।
(3) मोहन घर पहुँचा और उसके पिता चल बसे।
(4) मोहन के घर पहुँचते ही उसके पिता चल बसे।

13. **'पिताजी आ जाएँ तो अच्छा हो।'** अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद है-
(1) इच्छार्थक (2) संकेतार्थक (3) विधानार्थक (4) संदेहार्थक

14. **'डेढ़ चावल की खिचड़ी पकाना'** का आशय इनमें से कौनसा है?
(1) अपना मत अलग ही रखना (2) मुश्किल काम करना
(3) मूर्खतापूर्ण बातें करना (4) समय बर्बाद करना

15. **'एक अनार सौ बीमार'** लोकोक्ति का अर्थ है-
(1) अनार बहुत कीमती है (2) सौ बीमारों के लिए एक अनार का पर्याप्त होना
(3) एक काम से कई लाभ होना (4) चीज थोड़ी और चाहनेवाले अधिक होना

16. निम्नलिखित में से माध्यमिक स्तर का उद्देश्य नहीं है—
(1) छात्रों को हिंदी-कविताओं के भावार्थ लिखने के सुयोग्य बनाना
(2) छात्रों को ईश-प्रार्थना एवं नीति-संबंधी कविताओं एवं दोहों को कंठस्थ कराना
(3) हिन्दी साहित्य का ज्ञान कराकर छात्रों में भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि उत्पन्न करना
(4) छात्रों को हिन्दी कविताओं को उचित गति, यति, लय एवं भावानुसार पढ़ने के सुयोग्य बनाना

17. भाषा-कौशल हेतु उपयुक्त शिक्षण-विधि है
(1) अनुकरण विधि (2) भाषा प्रयोगशाला (3) सामूहिक अभ्यास विधि (4) उपर्युक्त सभी

18. भाषा-विकास के अंतर्गत अधिग्रहण करने की वह अवस्था कौनसी है, जिसमें बालक शुद्ध आचरण करने लगता है?
(1) दो वर्ष (2) तीन वर्ष (3) सात वर्ष (4) ग्यारह वर्ष

19. निम्नलिखित में से आदर्श विधि है—
(1) अनुकरण विधि का परिष्कृत रूप
(2) निर्देश विधि का परिष्कृत रूप
(3) प्रश्नोत्तर विधि का परिष्कृत रूप
(4) उपर्युक्त सभी

20. बच्चों में मूल्यांकन (पढ़ने की समझ का) करने के लिए निम्न में से कौनसा तरीका सर्वाधिक उपयुक्त है?
(1) बच्चों से पाठ्य-पुस्तक पढ़वाई जाए
(2) बच्चों से श्यामपट्ट पर लिखवाया जाए
(3) बच्चों से पढ़ी गई पाठ्य-वस्तु पर प्रश्न पूछे जाएँ
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. निम्नलिखित में से कौनसा उद्देश्य-भाव पक्षों से संबंधित नहीं है?
(1) सद्वृत्तियों का विकास करना
(2) मातृभाषा तथा उसके साहित्य में रुचि लेना
(3) भाषा-कौशलों में मौलिकता लाने की योग्यता प्राप्त करना
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. क्रियात्मक अनुसंधान का क्षेत्र है—
(1) छात्रों का चोरी करना, गृहकार्य न करना आदि समस्या
(2) छात्रों का स्कूल से भागना, अनुपस्थित रहना आदि समस्या
(3) कक्षा-शिक्षण-विधि में सुधार (4) उपर्युक्त सभी

२३. निम्नलिखित में से क्या उपचारात्मक भाषा-शिक्षण हेतु समस्या नहीं है?
(1) रिद्धिमा का पाठ्य-पुस्तक को प्रवाहपूर्ण तरीके से पढ़ना
(2) अनुप्रिया का पढ़ते समय वर्तनी-संबंधी अशुद्धियों का प्रयोग करना
(3) विराज का कक्षा में शिक्षण-कार्य के दौरान ध्यानपूर्वक ना सुनना
(4) उपर्युक्त सभी

२४. बच्चों में भाषा की समझ का विकास करने हेतु आवश्यक है कि उन्हें—
(1) व्याकरण का ज्ञान दिया जाए (2) गाने का अभ्यास कराया जाए
(3) काव्यों की रचना सिखाई जाए (4) उपर्युक्त सभी

२५. कोई भी भाषा-पुस्तक तभी सफल मानी जाएगी, जब—
(1) वह बच्चों को प्राचीन साहित्य की पूरी जानकारी दे
(2) वह बच्चों को केवल प्रसिद्ध साहित्य से परिचित कराए
(3) वह बच्चों का व्याकरण के नियमों से परिचय करवाए
(4) वह बच्चों में साहित्य की धरोहर और वर्तमान साहित्य के प्रति उत्सुकता बनाए

२६. भाषा की कक्षा को समावेशी कक्षा बनाने के लिए आवश्यक है कि—
(1) पाठ्यक्रम को कम कर दिया जाए
(2) पाठ्य-पुस्तक के पाठ कम कर दिए जाए
(3) भाषाई कुशलताओं का आकलन न किया जाए
(4) विभिन्न प्रकार की दृश्य-श्रव्य सामग्री का उपयोग किया जाए

२७. पूरक पठन-सामग्री का उद्देश्य है—
(1) भाषा की नियमबद्धता को सिखाना
(2) सहपाठियों की सहायता से पढ़ना सीखना
(3) शिक्षक की सहायता से बच्चों को पढ़ना सिखाना
(4) द्रुत गति से पठन की योग्यता का विकास करना

२८. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की हिन्दी भाषा की क्षमता का विकास के आकलन में कार्यपरक पक्ष पर बल देने का आशय है—
(1) भाषा-प्रयोग पर बल देना (2) भाषा-प्रयोग का पक्ष बताना
(3) भाषा-कार्यों को बढ़ावा देना (4) भाषा-कार्यों की सूची बनाना

२९. जो बच्चे विशेष रूप से पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं, वे—
(1) मंदबुद्धि होते हैं (2) डिस्क्रिगिया से ग्रस्त होते हैं
(4) सीखने में अक्षम होते हैं (4) डिस्लेक्सिया से ग्रस्त होते हैं

30. 'भाषा हमारे परिवेश में बिखरी है'- यह कथन किस पर लागु नहीं होता?
(1) अखबार (2) विज्ञान (3) साइनबोर्ड (4) भाषा-प्रयोगशाला

# 7 REET : मॉडल टेस्ट पेपर

## भाषा-प्रथम : सामान्य हिंदी

**प्रश्न : 30 समय : 30 मिनिट अंक : 30**

मानव जीवन सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण–इन तीन गुणों से प्रभावित रहता है। सतोगुण त्याग और विवेक, रजोगुण अहंकार प्रेरित कर्म और तमोगुण प्रमाद का प्रतीक होता है। ये सारे गुण बहुत ही सूक्ष्म हैं, परंतु मनुष्य के जीवन को प्रबल रूप से प्रभावित भी करते हैं। मनुष्य जीव प्रेम का भूखा है और प्रेम ही ऐसी शक्ति है, जिससे उसे जीता जा सकता है। माफ करने का गुण मनुष्य में अवश्य होना चाहिए। जब कुम्हार अपने मिट्टी के घड़े को आकार दे रहा है, तब वह अंदर से हाथ का सहारा देते हुए ऊपर से चोट मारता रहता है, तभी घड़े के अवगुण दूर होकर घड़ा सुंदरता प्राप्त करता है।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों–1. से 5. तक–के उत्तर दीजिए)—

1. '**मानव**' शब्द का विग्रह होगा—
   (1) मान + अव (2) मन + अव (3) मनु + अ (4) मनु + अव
2. '**रजोगुण**' शब्द में संधि का भेद है—
   (1) गुण संधि (2) वृद्धि संधि (3) व्यंजन संधि (4) विसर्ग संधि
3. इनमें से कौनसा शब्द **अव्यय** है?
   (1) प्रेम (2) परंतु (3) भूखा (4) हाथ
4. निम्नलिखित में से **तद्भव** शब्द है—
   (1) कुम्हार (2) विवेक (3) रजोगुण (4) तमोगुण
5. इनमें से '**सूक्ष्म**' शब्द का **विपरीतार्थक** शब्द कौनसा है?
   (1) असूक्ष्म (2) स्थूल (3) विशाल (4) सुशील

नीति में धर्म नहीं होता। साम, दाम, दंड, भेद ही नीति के हथियार होते हैं। नीति में चतुराई से अधिक चालाकी काम आती है। एक शिक्षा मंत्री के पास किसी स्कूल में बच्चों को भर्ती कराने के लिए बहुत लोग आने लगे। स्कूल में जगह थी ही नहीं। फिर भी प्रत्येक बच्चे के लिए सिफारिशी पत्र पर हस्ताक्षर करते गए। प्रिंसिपल ने पत्रों को इकट्ठा करना शुरू कर दिया। भर्ती किसी को नहीं किया। एक दिन कुछ अभिभावक प्रिंसिपल से लड़ पड़े। प्रिंसिपल ने दराज में से एक कागजों का पुलन्दा निकालकर सबके सामने रख दिया। बोले–'आप लोग देख लीजिए। इन सभी पत्रों में मंत्री जी ने सिफारिश करने को हस्ताक्षर कर रखे हैं। इनके लिए मुझे तो नया क्लास-रूम बनवाना पड़ेगा। कैसे मैं सब बच्चों को भर्ती कर सकता हूँ?' तो यह है चालाकी–लोगों की आँखों में धूल झोंकना। साँप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों–6. से 10. तक–के उत्तर दीजिए)–

6. निम्नलिखित शब्दों में से **पुल्लिंग** शब्द का चयन कीजिए–
(1) चतुराई (2) चालाकी (3) नीति (4) हथियार

7. **'आप लोग देख लीजिए'** वाक्य में **काल** का भेद है–
(1) सम्भाव्य वर्तमान (2) सामान्य भविष्यत् (3) सम्भाव्य भविष्यत् (4) अपूर्ण भूत

8. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द सदैव **बहुवचन** में ही प्रयुक्त होता है?
(1) दराज (2) हस्ताक्षर (3) बच्चों (4) मंत्री

9. इनमें से कौनसा शब्द **स्त्रीलिंग** है?
(1) स्कूल (2) अभिभावक (3) पुलन्दा (4) सिफारिश

10. **'वचन'** की दृष्टि से **अशुद्ध वाक्य** है–
(1) साम, दाम, दंड, भेद ही नीति का हथियार होता है।
(2) एक अभिभावक प्रिंसिपल से लड़ पड़ा।
(3) मंत्री जी ने सिफारिश करने को हस्ताक्षर कर रखे हैं
(4) मुझे तो नये क्लास-रूम बनवाने पड़ेंगे।

11. वाक्य के दो प्रमुख अवयव होते हैं–
(1) उद्देश्य और विधेय (2) कर्ता और क्रिया
(3) संज्ञा और विशेषण (4) योजक और संबंधसूचक

12. इनमें **'इच्छावाचक वाक्य'** कौनसा है?
(1) अपना काम स्वयं करो। (2) आप अच्छे हैं न?
(3) आप प्रातः काल उठें। (4) तुम्हारी उन्नति हो।

13. इनमें **'संयुक्त वाक्य'** कौनसा है?
(1) इस बार अच्छी बरसात हुई है।
(2) रिद्धिमा और अनुप्रिया मिलकर पढ़ती हैं।
(3) मैं आगे बढ़ गया और वह पीछे रह गया।
(4) मजदूरों की हड़ताल तीन दिन से चल रही है।

14. **'आँखें चुराना'** मुहावरे का अर्थ है–
(1) उपेक्षा करना (2) प्रेम करना (3) विश्वास खो देना (4) बचने की कोशिश करना

15. **'क्रोध करने से बिगड़ा काम ठीक नहीं होता'** इसके लिए इनमें से कौनसी उक्ति ठीक है?
(1) टूटी की क्या बूटी
(2) टूट चाँम नहिं जुरहिं रिसाने
(3) टिड्डी के रोके आँधी नहीं रुकती
(4) टूटी को क्या जोड़ना गाँठ पड़े और न रहे

16. भाषा का प्रयोग—
(1) केवल परीक्षा में होता है (2) केवल पाठ्यपुस्तक में होता है
(3) केवल मुद्रित सामग्री में होता है (4) जीवन के विभिन्न संदर्भों में होता है

17. बच्चे अपने परिवेश से सरल भाषा अर्जित करते हैं। इसका एक निहितार्थ यह है कि—
(1) बच्चों को भाषा बिल्कुल भी न पढ़ाई जाए
(2) बच्चों को समृद्ध भाषिक परिवेश उपलब्ध कराया जाए
(3) बच्चों को अत्यंत सरल भाषा का परिवेश उपलब्ध कराया जाए
(4) बच्चों को केवल लक्ष्य भाषा का ही परिवेश उपलब्ध कराया जाए

18. प्रश्न पूछना, प्रतिक्रिया व्यक्त, परिचर्चा में भाग लेना आदि—
(1) केवल शिक्षण-पद्धति है (2) भाषा सीखने-सिखाने तथा आकलन के तरीके हैं
(3) भाषा-आकलन के तरीके मात्र हैं (4) केवल साहित्यिक गतिविधियाँ हैं

19. बच्चे के घर की भाषा और विद्यालय की भाषा के बीच के संबंध को—
(1) उपेक्षित करना चाहिए (2) समाप्त कर देना चाहिए (3) कठोरता से देखना चाहिए
(4) उसकी विविधता और लचीलेपन के साथ देखना चाहिए

20. भाषा की कक्षा में—
(1) दीवारें चार्ट से भरी हों (2) व्याकरणिक नियमों पर बल देना चाहिए
(3) औपचारिक रूप से आकलन पर बल दिया जाए
(4) शिक्षक द्वारा प्रयुक्त गतिविधियाँ और युक्तियाँ महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं

21. हिंदी भाषा का मूल्यांकन करते समय आप सबसे ज्यादा किसे महत्त्व देंगे?
(1) काव्य सौन्दर्य (2) निबंध लिखने की योग्यता
(3) व्याकरणिक नियम (4) सीखने की क्षमता का आकलन

22. दृष्टिबाधित बच्चों को भाषा सिखाते समय—
(1) अधिक से अधिक मौखिक भाषा का प्रयोग करना चाहिए
(2) उन्हें विभिन्न भाषिक गतिविधियों में शामिल नहीं करना चाहिए
(3) कम पाठों वाली पाठ्य-पुस्तक का निर्माण किया जाना चाहिए
(4) उन्हें कक्षा में अलग बैठाना चाहिए ताकि उन पर विशेष ध्यान दिया जा सके

23. बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता एवं समझ विकसित हो, इसके लिए आवश्यक है—
(1) जिस भाषायी शैली में वक्ता सहज हो, उसी का प्रयोग करना चाहिए
(2) जिस भाषायी शैली में वक्ता व बच्चा सहज हो, उसी का प्रयोग करना चाहिए
(3) जिस भाषायी शैली में वक्ता सहज हो एवं बच्चा असहज हो, उसी का प्रयोग करना चाहिए (4) जिस भाषायी शैली में वक्ता असहज हो व बच्चा सहज हो, उसी का प्रयोग करना चाहिए

24. निम्नलिखित में से कौनसा द्वितीय भाषा-शिक्षण का उद्देश्य नहीं है?
(1) हिंदी के व्याकरणिक नियमों को कंठस्थ करना
(2) बोलने की क्षमता के अनुरूप लिखने की क्षमता का विकास
(3) दैनिक जीवन में हिंदी में समझने तथा बोलने की क्षमता का विकास
(4) विभिन्न क्षेत्रों, स्थितियों में हिंदी की विभिन्न प्रयुक्तियों को समझने की योग्यता का विकास

25. एक समावेशी कक्षा-कथन भाषा-शिक्षण के सिद्धांतों के प्रतिकूल है—
(1) भाषा परिवेश में रहकर अर्जित की जाती है
(2) प्रिंट-समृद्ध माहौल भाषा सीखने में सहायक होता है
(3) व्याकरण के नियम सिखाने से बच्चों का भाषा-विकास शीघ्रता से होगा
(4) बच्चे परिवेश से प्राप्त भाषा को ग्रहण करते हुए भाषा-प्रयोग के नियम बना सकते हैं

26. भाषा में आकलन की प्रक्रिया—
(1) सीखने-सिखाने के दौरान भी चलती है
(2) केवल बच्चों का निष्पादन जानने के लिए होती है
(3) केवल शिक्षक का निष्पादन जानने के लिए होती है
(4) पाठ के अंत में दिए अभ्यासों के माध्यम से होती है

27. वाचन-शिक्षण का उद्देश्य है—
(1) बालकों को स्वर के आरोह-अवरोह का अभ्यास कराना
(2) बालकों को उचित ध्वनि के साथ वाचन का अभ्यास कराना
(3) धाराप्रवाह वाचन की योग्यता प्रदान करना (4) उपर्युक्त सभी

28. कहानी-शिक्षण में किस बात को ध्यान में रखना आवश्यक है?
(1) उसमें गतिशीलता एवं क्रमबद्धता हों
(2) कथावस्तु बालकों के स्तरानुसार हो
(3) कथावस्तु में भयानकता एवं वीभत्सता न हों
(4) उपर्युक्त सभी

29. पूरक पठन-सामग्री का उद्देश्य है—
(1) भाषा की नियमबद्धता को सिखाना
(2) सहपाठियों की सहायता से पढ़ना सीखना
(3) शिक्षक की सहायता से बच्चों को पढ़ना सिखाना
(4) द्रुत गति से पठन की योग्यता का विकास करना

30. भाषा के अभिव्यक्तात्मक कौशल है—
(1) सुनना, पढ़ना (2) सुनना, बोलना (3) बोलना, लिखना (4) पढ़ना, लिखना

# 8 REET : मॉडल टेस्ट पेपर

## भाषा-प्रथम : सामान्य हिंदी

**प्रश्न : 30 समय : 30 मिनिट अंक : 30**

द्वारका में रहने वाली मेरे भाई की भार्या वृष्णिकुल नंदिनी सुभद्रा मधुसूदन श्रीकृष्ण से जब यहाँ से वे द्वारकापुरी में जाएँगे, तब उनको क्या कहेंगी? हमारे प्रिय कार्य में सदारत और हितकारिणी द्रौपदी के पिता, भ्राता व पुत्र मारे गए हैं, उसी से यह अत्यन्त कातर हो रुदन करती है, इसे देख मेरे चित्त में अत्यधिक पीड़ा होती है। हे भगवन नारद! मैं एक और दुःख का विषय कहता हूँ, आप सुनिए। मेरी कुंती देवी ने एक बात गोपन की थी, उससे मैं इस समय अधिक दुःख से व्याकुल हो रहा हूँ। जो दस हजार हाथियों के समान बलशाली, जो पृथ्वी के बीच अद्वितीय रथी कह के विख्यात थे, समर में जिनकी गति व पराक्रम सिंह के समान था, दयावान, संयमी व व्रताचरण में रत। धृतराष्ट्र पुत्रों के आश्रयस्वरूप थे; मानी, अत्यंत पराक्रमी, निर्भय चित्त वाले, क्रुद्ध स्वभाव वाले व युद्ध में हम पर अस्त्रों का प्रहार करने वाले थे। जो शीघ्र अस्त्र चलाने में समर्थ, चित्रयोधी, धनुर्वेदप्रवीण, अद्भुत पराक्रम प्रकाशितवाले, महाबलवान वीर कर्ण, वे हमारे सहोदर ज्येष्ठ भ्राता थे और गुप्त रूप से उन्होंने कुंती के गर्भ से जन्म लिया था।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों- 1. से 5. तक- के उत्तर दीजिए)—

1. किस शब्द में **संधि** एवं **दो उपसर्ग** प्रयुक्त हुए हैं?
   (1) अत्यंत (2) व्याकुल (3) धनुर्धर (4) सहोदर
2. **'पृथ्वी'** के **पर्यायवाची** निम्नलिखित में से किस विकल्प में हैं?
   (1) अवनि, मही, रत्नाकर (2) अचल, मही, मेदिनी
   (3) अवनि, मही, वसुंधरा (4) अचला, मही, महीधर
3. **'भार्या'** शब्द का अर्थ है—
   (1) बहन (2) भाभी (3) पत्नी (4) पुत्री
4. **'पराक्रमी'** शब्द में शब्द-प्रकार है—
   (1) संज्ञा (2) योजक (3) विशेषण (4) अव्यय
5. **'धनुषविद्या से संबंधित ज्ञान एवं प्रयोग में दक्ष व्यक्ति'** कहलाता है—
   (1) धनुर्धर (2) धनुषधारी (3) धनुर्वेदप्रवीण (4) कमनैत

कोई भी उपलब्धि चाहे वह किसी फैसले, परियोजना, संबंधों या काम से जुड़ी हो उसके लिए जानकारी सबसे पहला कदम होती है। यद्यपि हमारी सफलता का दिमाग से भी गहरा संबंध होता है। अगर हम कैरियर, स्वास्थ्य,

वित्त, भावनाओं व संबंधों आदि जीवन के पहलुओं में सफलता व संतुलन चाहते हैं तो मस्तिष्क को शांत व सहज अवस्था में रखना ही होगा। प्रेरणादायक लोगों की संगति व अच्छी पुस्तकों के पठन-पाठन से यह संभव हो सकता है। ऐसा ही हमारी सकारात्मक सोच व सफलता के साथ होता है। दिमाग में नकारात्मक और असफलता से भरे विचार डालेंगे तो सफलता एक ओर हो जाएगी।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों-6.से 10.तक-के उत्तर दीजिए)—

6. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द हैं—

(1) दिमाग, जीवन (2) सोच, सफलता (3) असफलता, संबंध (4) मस्तिष्क, जानकारी

7. **'दिमाग में नकारात्मक और असफलता से भरे विचार डालेंगे तो सफलता एक ओर हो जाएगी'** वाक्य में कौनसा **काल** है?

(1) सम्भाव्य वर्तमान (2) संदिग्ध वर्तमान (3) सम्भाव्य भविष्यत् (4) हेतुहेतुमद् भविष्यत्

8. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द **स्त्रीलिंग** है?

(1) कैरियर (2) परियोजना (3) फैसला (4) स्वास्थ्य

9. निम्नलिखित में से किस शब्द का **बहुवचन** नहीं बनता?

(1) अवस्था (2) शांत (3) भावना (4) पहलु

10. **'जानकारी सबसे पहला कदम होती है'** यह किस प्रकार का वाक्य है?

(1) वर्तमान-सामान्य सत्य (2) अनिश्चित वर्तमान (3) पूर्ण वर्तमान (4) पूर्ण भूत

11. वाक्य-विश्लेषण में **'उद्देश्य'** के अंतर्गत आएगा—

(1) कर्ता (2) कर्म (3) कर्म का विस्तार (4) क्रिया

12. **'साधारण वाक्य'** का उदाहरण है—

(1) जो विद्वान होते हैं, उनका सभी आदर करते हैं।

(2) विराज अपने माता-पिता के साथ आ रहा है।

(3) रिद्धिमा आ रही है; किंतु अनुप्रिया जा रही है।

(4) विराज ने कहा कि मैं आ रहा हूँ।

13. **'विराज को बुलाओ'** यह वाक्य है—

(1) आज्ञावाचक (2) विधानवाचक (3) विस्मयवाचक (4) संकेतवाचक

14. **'नाक में दम करना'** मुहावरे का सही अर्थ है—

(1) घृणा करना (2) बहुत परेशान करना (3) बहुत प्यार करना (4) सफलता प्राप्त करना

15. **'गुण, योग्यता अथवा विशेषता के प्रतिकूल नाम।'**

यह अर्थ किस लोकोक्ति का है?

(1) अंधों में काना राजा (2) अंधे के हाथ बटेर

(3) आँख का अंधा नाम नैनसुख

(4) आँख का अंधा गाँठ का पूरा

16. प्राथमिक स्तर पर भाषा सिखाने की सर्वश्रेष्ठ विधि है—
(1) बच्चों के साथ कविता गाना (2) बच्चों को कहानी सुनाना
(3) बच्चों को भाषा का प्रयोग करने के विविध अवसर देना
(4) बच्चों को पाठ्य-पुस्तक पर आधारित वीडियो कार्यक्रम दिखाना

17. भाषा अर्जित करने की प्रक्रिया में किसका सर्वाधिक महत्त्व है?
(1) समाज का (2) भाषा-कक्षा का (3) पाठ्य-पुस्तक का (4) भाषा-प्रयोगशाला का

18. भाषा सीखने-सिखाने के संबंध में कौनसा कथन उपयुक्त है?
(1) बच्चे अपने परिवार से ही भाषा सीखते हैं
(2) बच्चे स्कूल आकर ही भाषा सीखते हैं
(3) बच्चे स्कूल में मानक भाषा का ही प्रयोग करते हैं
(4) बच्चे स्कूल आने से पूर्व ही भाषायी पूँजी से लैस होते हैं

19. भाषा अर्जित करने में वाइगोत्सकी ने किस पर सबसे अधिक बल दिया है?
(1) भाषा की पाठ्यपुस्तक पर
(2) कक्षा में बोली जाने वाली भाषा पर
(3) समाज में होने वाले भाषा-प्रयोगों पर
(4) परिवार में बोली जाने वाली भाषा पर

20. काव्य-शिक्षण का उद्देश्य है—
(1) संगीत-कला में निपुण बनाना
(2) रसानुभूति एवं आनन्दानुभूति कराना।
(3) व्याकरणिक नियमों की जानकारी देना
(4) भाषा में प्रयुक्त होने वाले विराम-चिह्नों परिचय कराना

21. कौनसा प्रश्न बच्चों की भाषा-क्षमता का आकलन करेगा?
(1) आजकल आम का दाम कितना है?
(2) लड़की टोकरी में क्या बेच रही है?
(3) लड़की ने किसके दाम नहीं बताए?
(4) यदि तुम आम बेचोगे तो उसके कितने दाम लोगे और क्यों?

22. प्राथमिक स्तर पर बच्चों के लिए बाल साहित्य के चयन का मुख्य आधार क्या होना चाहिए?
(1) छोटी रचनाएँ (2) रंगीन चित्र (3) सरल जानकारी (4) रोचक विषय-वस्तु

23. सृजनात्मकता का विकास करने में कौनसा सहायक नहीं है?
(1) कविता-पाठ करना (2) अधूरी कहानी को पूरा करना
(3) प्रश्नों के उत्तर लिखना
(4) चित्र पर आधारित मौखिक अथवा लिखित वर्णन

24. हिन्दी-प्रयोग के विविध रूपों को जानने के लिए सर्वाधिक उपयोगी साधन हो सकता है—
(1) उच्चस्तरीय लेखन-सामग्री (2) शिक्षण-विधियों का संपूर्ण ज्ञान
(3) सुंदर ढंग से छपी पुस्तकें (4) बाल साहित्य का विविध उपयोग

25. पाठ्य-पुस्तक की भाषा—
(1) तत्सम प्रधान होनी चाहिए (2) तद्भव प्रधान होनी चाहिए
(3) अधिकाधिक कठिन शब्दों से युक्त होनी चाहिए
(4) बच्चों की घर व समुदाय की भाषा से मिलती-जुलती होनी चाहिए

26. भाषा की कक्षा में एक शिक्षक बच्चे से क्या अपेक्षा रखता है?
(1) बच्चे संस्कृतनिष्ठ भाषा में ही जवाब दें
(2) बच्चे सवालों के बंधे-बंधाए जवाब दें
(3) बच्चे सवालों के बंधे-बंधाए जवाब न दें
(4) बच्चे अपनी मातृभाषा का बिलकुल भी प्रयोग न करें

27. बच्चों की भाषा के संदर्भ में कौनसा कथन सही है?
(1) बच्चों की भाषा तार शैली में ही रहती है
(2) बच्चों की भाषा में बहुत अधिक व्याकरणिक त्रुटियाँ होती हैं
(3) बच्चों की भाषा में नियमबद्ध व्यवस्था की झलक मिलती है
(4) बच्चों की भाषा को सुधारने के लिए दंड एवं पुरस्कार आवश्यक हैं

28. एक बहुभाषिक कक्षा में आप किसे सबसे कम महत्त्व देंगे?
(1) विभिन्न प्रकार का बाल साहित्य
(2) कक्षा में विभिन्न प्रकार की सामग्री से समृद्ध वातावरण
(3) कक्षा के बहुभाषिक और बहुसांस्कृतिक संदर्भों के प्रति संवेदनशीलता
(4) बच्चों को सिखाना कि दो भाषाओं के मध्य विद्यमान समानता व अंतर का विश्लेषण किया जाता है

29. पाठ में दिए गए चित्रों का उद्देश्य होता है—
(1) चित्र पाठ की शोभा बढ़ाते हैं
(2) चित्रों से पाठ्य-पुस्तक आकर्षक बनती है
(3) पाठ्य-पुस्तक में चित्र देने का प्रचलन है
(4) चित्र अमूर्त संकल्पनाओं को समझने में सहायता करते हैं

30. निम्न में से क्या एक उपचारात्मक शिक्षण का एकमात्र लक्ष्य है?
(1) बच्चों की अधिगम से संबंधी समस्याओं को हल करना
(2) बच्चों की अधिगम से संबंधी समस्याओं पर ध्यान न देना
(3) बच्चों की अधिगम से संबंधी समस्याओं को बढ़ाना (4) उपर्युक्त सभी

# 9 REET : मॉडल टेस्ट पेपर

## भाषा–प्रथम : सामान्य हिंदी

**प्रश्न : 30 समय : 30 मिनिट अंक : 30**

**मोक्ष** निवर्तक धर्म का मर्म है, वीतरागता का भाव है, दर्शन, ज्ञान व चारित्र्य की साधना है। दूसरी परम्परा प्रवर्तक धर्म है, जिसमें तीन पुरुषार्थः धर्म, अर्थ व काम हैं, मोक्ष का समावेश नहीं है। निवर्तक धर्म की परिणति चतुष्ट्य पुरुषार्थ मोक्ष है। महावीर मुक्तिधारा धर्म के अंतिम ज्योतिर्धर हैं। महावीर का जन्म उत्तरी बिहार में वैशाली के लिच्छवी जाति के गरिमामय गणतंत्र में हुआ था। जहाँ निर्वाचन में मतदान के लिए काले व लाल रंग की शलाकाओं का प्रयोग होता था। बहुमत से होने वाले निर्णय सर्वमान्य होकर क्रियान्वित होते थे। जनतांत्रिक व्यवस्था का महावीर के अन्तःकरण पर इतना प्रभाव रहा कि – **'मित्ती सव्व भूतेषु'** मेरे सब मित्र हैं, की उद्घोषणा ने जाति, वर्ग, वर्ण, लिंग, भाषा, क्षेत्र आदि सभी भेद की दीवारों को एक बार में ही ध्वस्त कर दिया। ईश्वर का भी जनतंत्रीकरण कर कर्मेण पुरुषार्थ में विश्वास व्यक्त किया। कोई भी किसी के लिए शरण बन नहीं सकता। सबका अपना कर्म है और उसका फल है, जो समय में रूपायित होता है।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों–1. से 10. तक–के उत्तर दीजिए)–

1. वह शब्द बताइए जिसमें **संधि, उपसर्ग** एवं **प्रत्यय** तीनों का प्रयोग हुआ है–
   (1) चारित्र्य (2) प्रवर्तक (3) क्रियान्वित (4) जनतांत्रिक
2. वह **तत्सम** शब्द बताइए जिसमें **उपसर्ग** एवं **प्रत्यय** दोनों का प्रयोग है
   (1) व्यवस्था (2) समावेश (3) साधना (4) निर्णय
3. **'महावीर'** शब्द में **समास** का भेद बताइए–
   (1) अव्ययीभाव (2) कर्म तत्पुरुष (3) संबंध तत्पुरुष (4) कर्मधारय
4. **'परिणत'** शब्द का एकार्थक शब्द निम्नलिखित में से क्या होगा?
   (1) विवाहित (2) रचित (3) झुका हुआ (4) बदला हुआ
5. सभी **भाववाचक संज्ञा** शब्द वाला विकल्प है–
   (1) जनतांत्रिक, उत्तरी, धर्म (2) मोक्ष, सर्वमान्य, ईश्वर
   (3) दर्शन, साधना, विश्वास (4) गरिमामय, निर्वाचन, मतदान
6. किस विकल्प में सभी **स्त्रीलिंग** शब्द प्रयुक्त हुए हैं?
   (1) धर्म, मर्म, दर्शन (2) चरित्र, ज्ञान, मोक्ष (3) शलाका, जाति, भाषा (4) वर्ग, वर्ण, लिंग
7. किस विकल्प के शब्द सदैव **बहुवचन** में प्रयुक्त होते हैं?
   (1) दर्शन, प्राण (2) कर्म, शरण (3) धर्म, शलाका (4) विश्वास, दीवारों

8. 'सभी भेद की दीवारों को एक बार में ही ध्वस्त कर दिया।'
वाक्य में **काल** का कौनसा भेद प्रयुक्त हुआ है?
(1) सामान्य वर्तमान काल (2) सामान्य भूतकाल
(3) संभाव्य वर्तमान काल (4) पूर्ण भूतकाल

9. निम्नलिखित में से **पुल्लिंग** शब्द का चयन कीजिए
(1) मतदान (2) व्यवस्था (3) लिच्छवी (4) गरिमामय

10. **काल** के अनुसार किन शब्दों का निर्धारण होता है?
(1) संज्ञा (2) सर्वनाम (3) विशेषण (4) क्रिया

11. 'स्वार्थ में मनुष्य बावला हो जाता है।'
वाक्य का उद्देश्य निम्नलिखित में से कौनसा है?
(1) स्वार्थ में (2) मनुष्य (3) बावला (4) हो जाता है

12. निम्नलिखित वाक्यों में से **'संज्ञा उपवाक्य'** वाले मिश्र वाक्य का चयन कीजिए—
(1) वह अध्यापक था, जो कल यहाँ आया था।
(2) विजेन्द्र ने कहा था कि बंगलुरु में गरीबी नहीं है।
(3) जहाँ दो नदियाँ मिलती हैं, उस स्थान को संगम कहते है
(4) यदि परिश्रम करोगे तो अवश्य सफल होगे।

13. निम्नलिखित में से किस वाक्य में **'सर्वनाम पदबंध'** का प्रयोग हुआ है?
(1) अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र राम ने रावण को मारा।
(2) शेर की तरह दहाड़ने वाले आप भीगी बिल्ली कैसे बन गए।
(3) न जाने कितने लोग इस बार भी बाढ़ में बह गए।
(4) रिद्धिमा लाम्बा सुबह ही नहा-धोकर तैयार हो गई थी।

14. 'वह बहुत होशियार है, हमेशा ____________।'
इस वाक्य में रिक्त स्थान में कौनसा **मुहावरा** उपयुक्त रहेगा?
(1) पलंग तोड़ना (2) फूँक-फूँक कर कदम रखना
(3) हवाई किले बनाना (4) पाँव में मेहंदी लगाना

15. 'कृतघ्न बनवारी तुम्हारे उपकार को भूल गया है तो चिंता मत कर, कहते हैं न कि ____________।'
रिक्त स्थान में उपयुक्त **लोकोक्ति** होगी—
(1) जान है तो जहान है (2) चार हाथ-पाँव सबके हैं
(3) साँच को आँच नहीं (4) नेकी कर दरिया में डाल

16. पाठ के अंत में अभ्यास और गतिविधियाँ देने का उद्देश्य है—
(1) गृहकार्य की सामग्री जुटाना
(2) बच्चों को अभिव्यक्ति के अवसर देना
(3) बच्चों को व्यस्त रखने हेतु गतिविधियाँ बनाना
(4) बच्चों को याद करने हेतु सामग्री उपलब्ध करने मे सहायता करना

17. एक समावेशी कक्षा में भाषा-शिक्षक को किस बिंदु का सब अधिक ध्यान रखना चाहिए?
(1) सभी बच्चों को समान रूप से गृहकार्य देना
(2) सभी बच्चों से समान अपेक्षाएँ रखना
(3) विविध प्रकार की दृश्य-श्रव्य सामग्री का उपयोग करना
(4) सभी बच्चों को समान गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना

18. प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण का उद्देश्य यह है कि—
(1) बच्चे भाषा के व्याकरण को जान सकें
(2) बच्चे भाषा-परीक्षा में सदैव अच्छे अंक लाएँ
(3) बच्चे मानक भाषा का प्रयोग करना जल्दी सीख जाएँ
(4) बच्चे विभिन्न स्थितियों में भाषा का प्रभावी प्रयोग कर सकें

19. 'लिखना'—
(1) एक बेहद जटिल प्रक्रिया है
(2) एक तरह की बातचीत है
(3) एक अत्यंत याचिक प्रक्रिया है
(4) एक अनिवार्य कुशलता है, जिसे जल्दी प्राप्त किया जाना है

20. भाषा सीखने का व्यवहारवादी दृष्टिकोण ____ पर बल देता है—
(1) अनुकरण (2) अभिव्यक्ति (3) भाषा-प्रयोग (4) रचनात्मकता

21. बच्चों की मौखिक भाषा का सतत् आकलन करने का सबसे बेहतर तरीका है—
(1) शब्द पढ़वाना (2) सुने हुए को दोहराने के लिए कहना
(3) प्रश्नों के उत्तर पूछना (4) विभिन्न संदर्भों में बातचीत

22. भाषा में सतत् और व्यापक आकलन का उद्देश्य है—
(1) भाषा के व्याकरण का आकलन करना (2) पढ़कर समझने की क्षमता का आकलन
(3) वर्तनी की अशुद्धि के बिना लिखने की क्षमता का आकलन
(4) भाषा के मौखिक और लिखित रूपों के प्रयोग की क्षमता का आकलन

23. भाषा-कक्षा में विभिन्न दृश्य-श्रव्य साधनों के उपयोग का उद्देश्य नहीं है—
(1) आधुनिक तकनीक को कक्षा में लाना
(2) विद्यालय-प्रमुख के निर्देशों का पालन करना
(3) सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को रुचिकर बनाना
(4) सभी प्रकार के बच्चों की आवश्यकताओं का ध्यान रखना

24. भाषा के बारे में कौनसा कथन उचित है?
(1) भाषा एक नियमबद्ध व्यवस्था है
(2) भाषा अनिवार्यतः लिखित होती है
(3) भाषा व्याकरण का अनुसरण करती है
(4) भाषा और बोली में कभी भी कोई भी संबंध नहीं होता है

25. पाठ्य-पुस्तक में दिए गए अभ्यास कैसे हों—
(1) जिनके उत्तर निश्चित हों (2) जो बहुविकल्पीय हों
(3) जो व्याकरण पर आधारित हों
(4) जो अनुमान और कल्पना पर आधारित हों

26. बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति का विकास करने के लिए सबसे कम प्रभावी तरीका कौनसा है?
(1) बातचीत करना (2) अपने अनुभवों का वर्णन
(3) संवाद-अदायगी (4) व्याकरण आधारित संरचना-अभ्यास

27. 'बहुभाषिकता'—
(1) भाषा सिखाने में बहुत बड़ी बाधा है
(2) भाषा सीखने में बाधा उत्पन्न करती है
(3) भाषायी समृद्धि को खतरे में डालती है
(4) भाषा सीखने में एक महत्त्वपूर्ण संसाधन है

28. बच्चे के सीखने की संक्रिया में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी-
(1) बच्चे का उच्चारण (2) पाठ्य-पुस्तकों की सामग्री
(3) व्याकरण का ज्ञान (4) बच्चे द्वारा भाषायी प्रयोग के नियम पकड़ना

29. 'पढ़ना' क्या है?
(1) पढ़कर अर्थ समझना (2) लिखित सामग्री का उच्चारण
(3) स्कूल में पुस्तकों की पढ़ाई (4) शब्दों को सही-सही पहचानना

30. भाषा-शिक्षण में परंपरागत उद्योतन सामग्री के रूप में बहुत अधिक सहायक किसे समझा जाना चाहिए
(1) चित्र (2) रेखाचित्र (3) श्यामपट्ट (4) पाठ्य-पुस्तक

# 10 REET : मॉडल टेस्ट पेपर

## भाषा-प्रथम : सामान्य हिंदी

**प्रश्न : 30 समय : 30 मिनिट अंक : 30**

आत्मा जीव है और शरीर इसका वस्त्र है। आत्मा ना उत्पन्न की जा सकती है, ना ही नष्ट। श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि आत्मा अजन्मा, नित्य, शाश्वत और पुरातन है। शरीर के नाश होने पर भी इसका नाश नहीं होता है। जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्याग नए वस्त्रों को धारण करता है, उसी प्रकार जीवात्मा पुराने शरीर का त्याग कर नए शरीर को प्राप्त करती है। आत्मा का उद्देश्य जीवन-चक्र से मुक्ति अर्थात् मोक्ष प्राप्त करना है।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों-1.से 5.तक-के उत्तर दीजिए)—

1. निम्नलिखित में से किस विकल्प में **'दीर्घ स्वर संधि'** का प्रयोग हुआ है
   (1) जीवात्मा (2) उद्देश्य (3) उत्पन्न (4) पुरातन
2. किस विकल्प में सभी **'भाववाचक संज्ञा'** शब्द हैं ?
   (1) आत्मा, जीव, शरीर, वस्त्र (2) उत्पन्न, अजन्मा, नित्य, शाश्वत
   (3) मनुष्य, पुराने, नए, धारण (4) नाश, उद्देश्य, त्याग, मुक्ति
3. **'पुरातन'** एवं **'शाश्वत'** शब्दों के क्रमशः **विपरीतार्थक** हैं—
   (1) आधुनिक, नित्य (2) नूतन, क्षणिक (3) नवीन, क्षणभंगुर (4) अधुनातन, नित्य
4. **'जीवन-चक्र'** शब्द में **समास** का भेद बताइए—
   (1) कर्म तत्पुरुष (2) करण तत्पुरुष (3) संप्रदान तत्पुरुष (4) संबंध तत्पुरुष
5. **'मोक्ष की इच्छा रखने वाला'** वाक्यांश के लिए उपयुक्त **एकार्थक शब्द** है—
   (1) मुमुक्षा (2) मुमूक्षा (3) मुमुक्षु (4) मुमूक्षू

दीपक में तेल, बाती और ज्वाला मिलकर प्रकाश करते हैं। ज्वाला कोरी बाती को जलाकर नष्ट कर देती है। बाती का एक सिरा तेल में डाल दीजिए और दूसरा बाहर निकाल दीजिए, सारा तेल बाहर आ जाएगा। जलती बाती को अचानक तेल में खींच लीजिए तो ज्वाला बुझ जाएगी। तीनों अलग-अलग एक दूसरे के विरोधी हैं किंतु तीनों जब मिल जाते हैं तो प्रकाश का प्रतीक बन जाते हैं।

(गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों-6.से 13.तक-के उत्तर दीजिए)—

6. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी **पुल्लिंग** शब्द प्रयुक्त हुए हैं ?
   (1) दीपक, तेल, बाती (2) ज्वाला, प्रकाश, सिरा (3) दूसरा, विरोध, प्रतीक (4) तेल, बाती, सिरा
7. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द सदैव **एकवचन** में ही प्रयुक्त होता है।
   (1) प्रकाश (2) बाती (3) विरोधी (4) प्रतीक

8. **'सारा तेल बाहर आ जाएगा'**– इस वाक्य में **काल** का भेद है–

(1) सामान्य वर्तमान (2) संदिग्ध वर्तमान (3) अपूर्ण वर्तमान (4) सामान्य भविष्यत्

9. **'ज्वाला बुझ जाएगी'** वाक्य का **वर्तमान काल** में रूपांतरण होगा–

(1) ज्वाला बुझ गई (2) ज्वाला बुझ जाती है

(3) ज्वाला बुझ गई है (4) ज्वाला बुझती है

10. निम्नलिखित शब्दों में से **वचन** के आधार पर किसका निर्धारण नहीं होता है?

(1) विरोधी (2) अचानक (3) दीपक (4) सिरा

11. **'प्रकाश का प्रतीक बन जाते हैं'** वाक्य का **उद्देश्य** है–

(1) प्रकाश (2) प्रतीक (3) प्रकाश का प्रतीक (4) उद्देश्य विहीन

12. **'दूसरा सिरा बाहर दीजिए, सारा तेल बाहर आ जाएगा।'**

उपर्युक्त **मिश्र वाक्य** का भेद है–

(1) प्रधान उपवाक्य (2) संज्ञा उपवाक्य (3) विशेषण उपवाक्य (4) क्रिया विशेषण उपवाक्य

13. **'शायद ज्वाला कोरी बाती को जलाकर नष्ट कर देती है।'**

उपर्युक्त वाक्य का अर्थ के आधार पर भेद है–

(1) संकेतार्थक (2) संदेहार्थक (3) विधानार्थक (4) इच्छार्थक

14. **'घुटने टेकना'** मुहावरे का सही अर्थ है–

(1) उदास होना (2) टाल देना (3) शरमा जाना (4) हार मानना

15. **'हाथ कंगन को आरसी क्या'** लोकोक्ति का अर्थ है–

(1) प्रत्यक्ष बात के लिए पूछने की क्या आवश्यकता

(2) होनहार होकर ही रहती है

(3) शुभ कार्य के लिए किसी से क्या पूछना

(4) यदि हाथ का हथियार न हो तो संसार में कुछ पूछ नहीं होती

16. विविध कक्षा-कक्ष में बच्चों के भाषा- शिक्षण के अन्तर्गत उच्चारण संबंधी दोष है—
(1) ध्वनि-तत्त्व (2) इकार-उकार (3) स्वराघात (4) उपर्युक्त सभी
17. मातृभाषा तथा उसके साहित्य में रुचि लेना अपेक्षित व्यवहार का परिवर्तन नहीं है—
(1) वह विद्यालय के कार्यक्रमों में भाग ले सकेगा
(2) वह कथा एवं विद्यालय पत्रिकाओं में योगदान दे सकेगा
(3) वह सद्वृत्तियों के अनुरूप कार्य- व्यवहार करेगा
(4) वह साहित्यिक पत्रिकाएँ व साहित्यकारों के चित्र एकत्रित कर सकेगा
18. रचना शिक्षण की उत्तम विधि है—
(1) चित्र-रचना प्रणाली (2) भाषा यंत्र विधि
(3) शब्द प्रधान विधि (4) उपर्युक्त सभी
19. निम्न में से प्राथमिक स्तर पर पढ़ाई जाने वाली भाषा होगी
(1) आधुनिक भाषा (2) मातृभाषा (3) राष्ट्रीय भाषा (4) विदेशी भाषा
20. छात्रों में लेखन-कौशल का विकास करते समय एक शिक्षक को ध्यान रखना चाहिए—
(1) लेखन- कौशल का विकास करने से पूर्व शिक्षक को वर्णमाला का अभ्यास कराना चाहिए
(2) शिक्षक छात्रों के समक्ष स्वयं भी उपयुक्त लेखन प्रस्तुत करे
(3) छात्रों को कलम पकड़ने में कोई परेशानी ना हो
(4) उपर्युक्त सभी
21. निम्न में से वैचारिक विषयवस्तु का ज्ञान प्राप्त करने से संबंधित नहीं है—
(1) जीवन अनुभूतियाँ (2) तथ्य एवं घटनाएँ
(3) सस्वर वाचन (4) सामान्य ज्ञान
22. मौखिक रचना के विविध रूप से संबंधित विषयवस्तु नहीं है—
(1) पत्र (2) संवाद (3) वाद- विवाद (4) वर्णन करना
23. निम्नलिखित में से कौनसा उद्देश्य कौशल पक्ष से संबंधित नहीं है?
(1) बोधसहित सुनने की योग्यता प्राप्त करना
(2) भाषा-कौशलों में मौलिकता लाने की योग्यता प्राप्त करना
(3) प्रभावी ढंग से अपनी बात कहने की योग्यता प्राप्त करना
(4) प्रभावी ढंग से लिखकर अपनी बात कहने की योग्यता प्राप्त करना

24. छात्रों की उपलब्धियों के प्रबंधन हेतु सही उपाय है—
(1) शिक्षण- विधियों में परिमार्जन किया जाए
(2) छात्रों के ज्ञानात्मक पक्ष को उत्तम बनाया जाए
(3) शिक्षा का माध्यम प्रारंभ से ही मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा रखा जाए
(4) उपर्युक्त सभी

25. एक अध्यापक कक्षा में एक विषय को कई शैलियों में रचना करना बताता है। छात्र उनमें से एक शैली को अपनाता है, वह कौनसी विधि है?
(1) आदर्श विधि (2) प्रश्नोत्तर विधि (3) प्रवचन विधि (4) सभी

26. पिछड़े बालकों के शिक्षण को प्रभावी बनाने के उपचारात्मक उपाय है—
(1) ऐसे बालकों को कक्षा में आगे बढ़ाना
(2) ऐसे बालकों को हतोत्साहित न करना
(3) ऐसे बालकों को सोचने का पर्याप्त अवसर प्रदान करना
(4) उपर्युक्त सभी

27. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण का उद्देश्य है
(1) व्याकरण के नियमों को कंठस्थ कराना
(2) भाषा की विभिन्न संरचनाओं का यांत्रिक अभ्यास कराना
(3) सभी साहित्यिक विधाओं में लेखन की कुशलता विकसित करना
(4) भाषा की बारीकी और सौंदर्यबोध को समझने की क्षमता का विकास करना

28. एक भाषा-शिक्षक के रूप में सबसे बड़ी चुनौती है—
(1) भाषा- संसाधनों का अभाव
(2) बच्चों को भाषा सीखने के महत्त्व से परिचित कराना
(3) बच्चों की भाषा को संचार-साधनों के प्रभाव से मुक्त रखना
(4) बहुभाषिक कक्षा के शिक्षण के लिए उचित रणनीतियाँ तय करना

29. भाषा सीखने के लिए कौनसा कारक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है?
(1) भाषा की पाठ्य-पुस्तक (2) भाषा के व्याकरणिक नियम
(3) समृद्ध भाषिक वातावरण (4) पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तर

30. भाषा की पाठ्य-पुस्तक का निर्माण करते समय सबसे कम महत्त्वपूर्ण बिंदु है—(1) पाठों की संख्या (2) अध्यायों में वैविध्य
(3) भाषा की विभिन्न छटाएँ (4) विषय-वस्तु में वैविध्य

# उत्तरमाला : मॉडल टेस्ट पेपर

| क्र.सं. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | 3 | 1 | 2 | 2 | 2 | 3 | 2 | 3 | 1 |
| 2. | 2 | 4 | 3 | 2 | 4 | 2 | 4 | 3 | 1 | 4 |
| 3. | 3 | 1 | 1 | 3 | 3 | 2 | 2 | 3 | 4 | 2 |
| 4. | 4 | 1 | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 | 3 | 4 | 4 |
| 5. | 4 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1 | 2 | 3 | 3 | 3 |
| 6. | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 4 | 1 | 3 | 3 |
| 7. | 1 | 3 | 2 | 1 | 4 | 4 | 2 | 4 | 1 | 1 |
| 8. | 2 | 3 | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 4 |
| 9. | 1 | 2 | 3 | 1 | 4 | 3 | 4 | 2 | 1 | 2 |
| 10. | 4 | 3 | 4 | 4 | 1 | 4 | 1 | 1 | 4 | 2 |
| 11. | 2 | 1 | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 2 | 4 |
| 12. | 3 | 2 | 4 | 4 | 3 | 2 | 4 | 2 | 2 | 4 |
| 13. | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 1 | 2 | 2 |
| 14. | 3 | 1 | 4 | 3 | 3 | 1 | 4 | 2 | 2 | 4 |
| 15. | 1 | 1 | 4 | 2 | 4 | 4 | 2 | 3 | 4 | 1 |
| 16. | 2 | 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 4 | 3 | 2 | 4 |
| 17. | 3 | 3 | 1 | 4 | 4 | 4 | 2 | 1 | 3 | 3 |
| 18. | 4 | 4 | 4 | 3 | 4 | 2 | 2 | 4 | 2 | 1 |
| 19. | 4 | 4 | 1 | 1 | 3 | 1 | 4 | 3 | 2 | 2 |
| 20. | 2 | 3 | 4 | 3 | 4 | 3 | 4 | 2 | 1 | 4 |
| 21. | 2 | 4 | 3 | 2 | 2 | 3 | 4 | 4 | 4 | 3 |
| 22. | 4 | 4 | 2 | 2 | 4 | 4 | 1 | 4 | 4 | 1 |
| 23. | 1 | 4 | 3 | 4 | 3 | 1 | 2 | 3 | 2 | 2 |
| 24. | 4 | 4 | 3 | 1 | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 |
| 25. | 2 | 4 | 1 | 4 | 1 | 4 | 3 | 4 | 1 | 1 |
| 26. | 1 | 4 | 3 | 2 | 2 | 4 | 1 | 3 | 4 | 4 |
| 27. | 1 | 2 | 3 | 4 | 1 | 4 | 4 | 2 | 4 | 4 |
| 28. | 3 | 4 | 4 | 3 | 3 | 1 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 29. | 3 | 4 | 4 | 4 | 2 | 4 | 4 | 4 | 1 | 3 |
| 30. | 2 | 4 | 4 | 2 | 3 | 4 | 3 | 1 | 4 | 1 |